नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 324 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 19 सितंबर 2023

पेज -4 पर सज-धज कर तैयार हुआ चक्रधर समारोह का मंच

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाल कर भ्रष्टाचारी .. पेज -8 पर

## बीजेपी पर बरसे सीएम भूपेश बघेल, विशेष सत्र को लेकर कहा- इनके पास कोई एजेंडा नहीं

रायपुर ए.। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीजापुर दौरे के लिए हुए रवाना हो गए हैं. हेलीपैड में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज बीजापुर में बहुत सारे कार्यक्रम हैं.

जिसमें वहां गारमेंट फैक्ट्री है और साथ ही सेंट्रल लाइब्रेरी है, उसका कार्यक्रम और बहुत से कार्यक्रम हैं. जिसमें शामिल होने जा रहा हूं. इस दौरान AICC की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे की नारजगी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे भी मीडिया के माध्यम से पता चला है. क्योंकि कल ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम सम्मेलन था तो मैं वापस आ गया था. पूरे कार्यक्रम में मैं नहीं था. इसलिए छुट्टी लेकर मैं निकल आया था. दो एकड़ जमीन दिया गया ब्राह्मण समाज को, बड़ा सम्मेलन किया गया उसमें मुझे आना पड़ा.




संसद के विशेष सत्र शुरू होने को लेकर सीएम बघेल ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन और पता नहीं क्या-क्या बताए थे, लेकिन एजेंडा में ऐसा कुछ है ही नहीं. परिवर्तन यात्रा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सारे नेता आ रहे हैं. केंद्रीय गृहमंत्री आ रहे हैं. कल और कोई आएंगे, लगातार दौरा रहेगा.

**भिलाई की घटना पर बोले- इसे जबरन सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा**

खुर्सीपार में हुई घटना पर बीजेपी के बयान कर पलटवार करतें हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको जबरदस्ती धार्मिक रंग देने की कोशिश की जा रही है. उसमें एक युवक की हत्या हुई दुर्भाग्यजनक है. जो आरोपी हैं वह सब पकड़े गए हैं. उसके बाद भी राजनीति करने बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, इस प्रकार के मुद्दों को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं. इसके अलावा उनको कुछ और नहीं आता. भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यात्रा प्रदेश के अलग-अलग प्रकार नेता पहुंचे रहे हैं. स्वार्थ के लिए सब इकट्ठा हो रहे हैं।

*राहुल गांधी के दौरे को लेकर सीएम ने कहा कि 28 तारीख को मल्लिकार्जुन खड़गे आ रहे हैं, 21 तारीख को प्रियंका गांधी आएंगी, राहुल गांधी का 25 तारीख को संभावित दौरा था. वह कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया है.*

*बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीजापुर को करोड़ों की सौगात देंगे. बीजापुर में इटपाल रीपा का भ्रमण और बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री का लोकार्पण करेंगे. बीजापुर में नवनिर्माण सेंट्रल लाइब्रेरी का लोकार्पण करेंगे. बीजापुर के कलेक्ट्रेट परिसर में बनी छत्तीसगढ महतारी की मूर्ति का अनावरण करेंगे. आम सभा में भी शामिल होंगी.*

## एक नजर

### ऑनलाइन सट्टा संचालक और सटोरियों के बीच मारपीट

थाने में किया जोरदार हंगामा



**रायपुर** । छत्तीसगढ़ में इन दिनों जुआ सट्टा को लेकर पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस लगातार सट्टेबाजों पर शिकंजा कस रही है। इसी बीच सट्टे के पैसों की लेनदेन को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। ऑनलाइन सट्टा संचालक और सटोरियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी से लगे तिल्दा इलाके में सट्टे के पैसों की लेनदेन को लेकर ऑनलाइन सट्टा संचालक और सटोरियों के बीच मारपीट हुई है। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद सट्टा संचालक और उसके बेटे ने थाने में जमकर हंगामा किया है। वहीं, अब पुलिस ने दोनों पक्षों के रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।

### दंपति से मारपीट, बलवा का मामला दर्ज

**रायपुर** । संतकंवर राम चौक तिल्दा में पैसे के लेन-देन को लेकर आधा दर्जन लोगों एक दंपति से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पंखुड़ी मेघानी 30 वर्ष एसबीआई बैंक के पास तिल्दा की रहने वाली है।

## जिन स्कूलों से गोलियों की आवाज आती थीं, वहाँ अब बच्चे गा रहे पोयम - मुख्यमंत्री

बीजापुर। जिला स्तरीय भेंट मुलाकात के लिए बीजापुर जिले के प्रवास में पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 457 करोड़ 58 लाख रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि नक्सल प्रभावित जिन क्षेत्रों के बंद स्कूलों से पहले गोलियों की आवाज आती थीं वहां अब बच्चे पोयम गा रहे हैं।

अभी कुछ बच्चों से बात की। वे फर्राटेदार इंग्लिश बोल रहे थे। यह बीजापुर का बदलाव है। पहले मीटिंग आदि होने पर आम जनता को शाम होने पर घर पहुँचने में डर लगता था वे अब सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर




123 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित संरचनाओं का लोकार्पण किया एवं 334 करोड़ रुपए से बनने वाली अधोसंरचनाओं का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ईटपाल में नवनिर्मित बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री का लोकार्पण भी किया एवं यहां कार्यरत महिलाओं से बातकर फैक्ट्री में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भी अवलोकन किया। साथ ही



उन्होंने जिले में 4 करोड़ रुपए से निर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

उन्होंने इस अवसर पर जापान एवं चीन में आयोजित एशिया कप प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के साफ्ट बाल के पांच खिलाड़ियों सहित भुवनेश्वर में आयोजित प्रथम जनजातीय खेलो इंडिया नेशनल प्रतियोगिता का हिस्सा रही फुटबाल टीम के सदस्य प्रमिला तेलम, कमला तेलम एवं ईशा कुड़ियम को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जिला अस्पताल बीजापुर का नामकरण महादेव राणा शासकीय जिला चिकित्सालय बीजापुर करने की घोषणा की। उन्होंने बीजापुर जिले के आवापल्ली स्थित उसूर चौक को नागुर दोरला चौक के नाम से नामकरण करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने नवीन शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा( गीदम) का नामकरण वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय के नाम पर करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने चेरपाल, वरदली, संकनपल्ली और पापनपाल में नवीन धान उपार्जन केंद्र एवं मादेपुर तथा जारपल्ली में नवीन प्राथमिक शाला खोलने की घोषणा की।

मलकीत हत्याकांड के विरोध में निकाली पदयात्रा

## चक्काजाम कर मांगा इंसाफ तीसरे दिन भी जारी है प्रदर्शन




**भिलाई।** खुर्सीपार आईटीआई मैदान के पास 15 सितंबर की रात को हुई मलकीत सिंह की हत्या के बाद तीसरे दिन भी क्षेत्र में तनाव का माहौल है। सोमवार को लगातार तीसरे दिन पीड़ित परिवार के साथ पूरा सिख समाज व स्थानीय लोग जुटे हुए हैं। मलकीत सिंह की हत्या के विरोध में खुर्सीपार में आज पदयात्रा निकाली गई। वहीं खुर्सीपार थाने के पास चक्काजाम भी किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही और किसी तरह से चक्काजाम को खत्म कराया। बता दें खुर्सीपार में मलकीत की हत्या के बाद माहौल बेहद तनाव पूर्ण बना हुआ है। भाजपा नेता पीड़ित परिवार के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। पीड़ित परिवार पहले दिन से ही 50 लाख रुपए मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़ा है। हालांकि इस बीच सरकार की ओर पांच लाख रुपए की सहायता व स्थाई सविंदा नियुक्ति देने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में पीडित परिवार को बैठाकर बताया गया लेकिन सरकार के ऑफर को पीड़ित परिवार ने ठुकरा दिया।

इसके बाद सोमवार को तीसरे दिन भी पीडित परिवार के लोग प्रदर्शन कर इंसाफ मांग रहे हैं।

खुर्सीपार में पीडित परिवार के साथ क्षेत्र के लोगों ने पदयात्रा निकाली। इस दौरान लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। गुंडागर्दी खत्म करने व दोषियों को फांसी देने की मांग पदयात्रा के दौरान नारेबाजी के साथ की गई। खुर्सीपार थाने से शुरू हुई पदयात्रा न्यू खुर्सीपार, जोन-3, जोन-2, श्रीराम चौक होते हुए केनाल रोड से खुसीपार थाने पहुंचकर खत्म हुआ।

## खाते से निकाले 20.82 लाख रुपये, ठग पंकज त्रिपाठी की कुंडली खंगाल रही पुलिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के राजेंद्रनगर क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड आइएएस भानू प्रताप सिंह नेताम के मोबाइल को हैक कर शातिर साइबर ठगों ने उनके दो बैंक खाते से 20 लाख 82 हजार रूपये निकाल लिए। ठगी का यह मामला पिछले महीने अगस्त में घटी थी। ठगी के शिकार रिटायर्ड आइएएस की शिकायत की जांच के बाद शनिवार रात न्यू राजेंद्रनगर थाना




पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यू राजेंद्रनगर पुलिस ने बताया कि आचमन गुरु घासीदास कालोनी न्यू राजेंद्रनगर निवासी रिटायर्ड आइएएस भानू प्रताप सिंह नेताम ने शिकायत दर्ज कराया कि उनके मोबाइल नंबर 9406053003 को हैक करके एयरटेल के सिम नंबर 9424218604 से पोर्ट करके शातिर ठगों ने सारी व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ली। फिर नौ से 15 अगस्त के बीच भारतीय स्टेट बैंक के खाते से रूपये 6.35 लाख रूपये और एक्सिस बैंक के खाते से 14.47 लाख रूपये निकाल लिए। इसका पता चलने पर नेताम ने 16 अगस्त को इसकी शिकायत साइबर पुलिस थाना सिविल लाइन में की थी, किंतु पुलिस ने जांच का हवाला देकर उस समय केस दर्ज नहीं किया।

## पिरीद के मकान में लगी आग , 7 लाख के नुकसान का अनुमान

**बालोद।** ग्राम पिरीद में शनिवार की रात एक रहवासी मकान में आग लग गई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से लगभग 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक घर में रखे सारे सामान जलकर खाक हो गए। साल भर के लिए रखे चवाल, दाल सहित राशन व धान सभी स्वाहा हो गए। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के लोग जाग गए जिससे जनहानि



नहीं हुई। मामला अर्जुंदा थाने में दर्ज कराया गया है।

थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिरीद

में टीकम देशमुख के मकान में शनिवार की रात लगभग 12 बजे आग लग गई। आग लगने का कारण संभवत शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग बहुत तेजी से फैल गई। किचन में रखे सिलेंडर भी आग की चपेट में आया और वह फट गया। सिलेंडर की फटने की आवाज आसपास के लोगों ने भी सुनी। इसके बाद लोग घरों से बाहर आए। तब पता चला कि टीकम देशमुख के घर में आग लग गई है।

## आज मुख्यमंत्री भिलाई नगर निगम को देंगे 68.75 करोड़ रूपए के 49 कार्यों की सौगात

खुर्सीपार में भिलाई बीपीओ सेंटर का होगा लोकार्पण, 7 करोड़ रूपए की लागत से बना है सेंटर



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 सितम्बर को नगर निगम भिलाई 68 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत के 49 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। श्री बघेल इन कार्यों में 25 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत के 20 कार्यों का लोकार्पण और 43 करोड़ 24 लाख रूपए की लागत के 29 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री एवं दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेन्द्र यादव, नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, अंत्यावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष सुश्री नीता लोधी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के सदस्य श्री विजय साहू, नगर निगम भिलाई जोन-04 के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र यादव, एमआईसी सदस्य श्रीमती मीरा बंजारे विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी।

*खुर्सीपार में 03 करोड़ रूपए की लागत से खुर्सीपार में निर्मित इंडोर मिनी स्टेडियम भवन, 2.10 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित पंडित जवाहर लाल नेहरू प्लेनेटोरियम का भी लोकार्पण*

*नेहरू नगर में 57 लाख रूपए की लागत से शहीद स्मृति स्थल सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण*

*मुख्यमंत्री जिन कार्यों का लोकार्पण करेंगे, उनमें 7 करोड़ रूपए की लागत से जोन-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत निर्मित भिलाई बीपीओ सेन्टर, लोक निर्माण विभाग द्वारा 3 करोड़ रूपए की लागत से भिलाई खुर्सीपार में इंडोर (मिनी) स्टेडियम भवन, 2 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से नेहरू नगर में निर्मित पंडित जवाहर लाल नेहरू प्लेनेटोरियम शामिल है। इंडोरस्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट, 2 नग वुडन फ्लोरिंग, टेबल टेनिस के 3 कोर्ट, कैरम रूम, 3 शतरंज बोर्ड और एक हाल बनाए गए हैं।*

## मुख्यमंत्री ने बीजापुर स्थित कलेक्टर कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का किया अनावरण

छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान की प्रतीक हैं छत्तीसगढ़ महतारी - मुख्यमंत्री बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रतिमा अनावरण के उपरांत कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है ताकि लोगों में अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत की जा सके।



अपने तीज-त्यौहार, लोक परम्पराओं को जानने-समझने का भावी पीढ़ी को पर्याप्त अवसर मिले, यही हमारा प्रयास है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहारों का आयोजन किया जा रहा है। तीजा-पोरा, अक्ती, हरेली, छेरछेरा जैसे लोक जीवन के तिहारों को व्यापक स्तर पर मनाने की सार्थक पहल हुई है। बोरे-बासी को आज पूरा देश जानने लगा है।

**गायता, पुजारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत पूजा-अर्चना की**

आदिवासी नृत्य महोत्सव, देवगुड़ी का कायाकल्प, आदिवासी परब सम्मान निधि जैसी पहल के माध्यम से जनजातीय संस्कृति को सम्मान दिलाने का काम किया गया है।



*इस अवसर पर उद्योग, वाणिज्य कर एवं आबकारी मंत्री तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा, विधायक श्री विक्रम मंडावी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण, उपस्थित थे।*

# बहुत कुछ तय करेगा विशेष सत्र, 2024 की पृष्ठिभूमि में सार्थक हो सकता है आयोजन

*वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाएगा। दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश की 1.431 अरब की आबादी में से अनुमानत: एक अरब लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकार यानी मतदान का उपयोग करने के पात्र होंगे। हालांकि लोकतंत्र के इस उत्सव में अभी कुछ महीने की देरी है, लेकिन पहले से ही हैशटैग 2024 चुनाव लोगों का ध्यान खींच रहा है।*

सरकार द्वारा संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाने की घोषणा करने के बाद से ही अटकलों का दौर शुरू हो गया है। सरकार ने एक एजेंडा जारी किया है- 75 साल की संसदीय यात्रा और अन्य चीजों के अलावा नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए एक विधेयक पर चर्चा। लेकिन विपक्षी दल इस बात से आश्वस्त नहीं हैं और जानकारों को भी संदेह है कि विशेष सत्र में कुछ आश्चर्यजनक होने वाला है। राष्ट्रीय राजनीति को जो चीज सर्वाधिक प्रभावित करने वाली है, उसका खुलासा तो खैर संसद के इस विशेष सत्र में ही होगा।



जिन मुद्दों को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, उनमें इंडिया पर भारत को प्राथमिकता देने, समान नागरिक संहिता विधेयक, एक राष्ट्र-एक चुनाव का प्रस्ताव, महिला आरक्षण विधेयक, सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए कोटा और रोहिणी आयोग की रिपोर्ट पेश करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। लेकिन कोई भी निश्चित रूप से कुछ नहीं जानता। मोदी सरकार का एक अनुमानित पहलू आश्चर्यचकित करने की इसकी क्षमता रही है।

अटकलों का बाजार गर्म है। एक सिद्धांत यह है कि एक साथ चुनाव कराने की तैयारी आगामी विधानसभा चुनावों में मतदाताओं के संभावित गुस्से की आशंका को ध्यान में रखकर की जा रही है। लेकिन यह सिद्धांत कार्ल पॉपर के मिथ्याकरण सिद्धांत से पूरी तरह मेल नहीं खाता। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल की थी। इसके बावजूद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजस्थान की 25 में से 23, मध्य प्रदेश की 29 में से 28 और छत्तीसगढ़ की 11 में से नौ सीटें जीतीं!

विपक्षी दलों का मानना है कि पुलवामा आतंकी हमले ने 2019 के लोकसभा चुनाव में देश की प्रतिक्रिया की दिशा बदल दी। इसे जांचने के लिए 1965 और 1999 के जनादेश की समीक्षा करनी होगी। वर्ष 1965 के युद्ध में भारत ने निर्णायक रूप से जीत हासिल की, लेकिन 1967 में, लोकसभा में कांग्रेस की 75 से अधिक सीटें कम हो गईं और वह आठ राज्यों में हार गई थी। जैसा कि आप कह सकते हैं कि तात्कालिकता मायने रखती है। कारगिल युद्ध के बाद संसद में वाजपेयी सरकार की एक वोट से हार के बाद वर्ष 1999 में देश में चुनाव हुए। युद्ध में जीत के बावजूद भाजपा की सीटें 182 पर ही अटकी रहीं, जितनी उसने 1998 में जीती थीं। इसका एक कारण उत्तर प्रदेश में भाजपा में आपसी फूट था, जहां उसकी सीटें 58 से घटकर 29 रह गईं। हालांकि कांग्रेस की सीटें भी 141 से घटकर 114 रह गईं।

लोकप्रिय सिद्धांतों की विश्वसनीयता को विरोधी तथ्यों द्वारा चुनौती दी जा सकती है। यह सच है कि अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मतदाताओं पर असर डालता है और उनकी वोटिंग को प्रभावित करता है। लेकिन याद रखना चाहिए कि 1988 में दहाई अंकों की विकास दर ने 1989 में कांग्रेस की मदद नहीं की थी, न ही अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का 1996 के चुनाव में उसे कोई फायदा हुआ था। इसी तरह इंडिया शाइनिंग अभियान के बावजूद वर्ष 2004 में एनडीए हार गया था।

वर्ष 2024 के चुनाव में वाई फैक्टर युवाओं का वोट होगा। अनुमान है कि अगले वर्ष नौ करोड़ से अधिक नए मतदाता वोट डालने के योग्य होंगे। कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही युवाओं को लुभाने में लगी हैं, क्योंकि युवा मतदाताओं का महत्व है। वर्ष 2014 में भाजपा की जीत (जो कि 25 वर्षों में पहला बहुमत का जनादेश था) युवा आकांक्षाओं और नरेंद्र मोदी की गुजरात मॉडल की पेशकश से संचालित थी, तो 2019 का जनादेश एक निर्णायक सरकार की धारणा से प्रेरित था। यह सच है कि गर्व मायने रखता है-और जी-20 तथा चंद्रयान-3 की सफलताएं भावनाओं को प्रेरित करेंगी-इसमें कोई संदेह नहीं है।

> आज से शुरू हो रहा संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए माहौल तैयार करेगा, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव बताया जा रहा है और जिसमें एक अरब मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग करने के पात्र होंगे, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड होगा।

रोजगार और अपने भविष्य को लेकर युवाओं में नाराजगी जनमत सर्वेक्षणों में लगातार उजागर होती रही है। कोटे से संबंधित आंदोलन सरकारी नौकरियों की खोज से प्रेरित है, और सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेलों द्वारा इसे रेखांकित किया गया है। वर्ष 2024 में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को पिछली सरकारों के बारे में शायद ही पता होगा और उनके पास संदर्भ का अभाव होगा। वर्ष 2014 में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की उम्र अब लगभग 28 वर्ष होगी और वे अपने वोट का फैसला पूरी और पूरी न हुई उम्मीदों के आधार पर करेंगे। युवा अब अपनी परिस्थितियों को कैसे समझते हैं।

और उनके मतदान करने की संभावना किस प्रकार है, यह जनमत सर्वेक्षण का एक प्रमुख विषय है।

शंकर अय्यर

## संपादकीय

### ये हाल बना लिया!

यूरोपीय संघ के देश रूसी तेल नहीं खरीदते हैं, लेकिन वे वह डीजल खरीदते हैं, जो इस रूसी तेल को कहीं और रिफाइन करने के बाद प्राप्त होता है। इससे ईयू के प्रतिबंध नाकाम होते हैं। यूरोपीय देशों ने यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस के खिलाफ सख्त प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई भावावेश में की या अमेरिकी दबाव में- इस बारे में कयास लगाने की पूरी गुंजाईश है। लेकिन यह बात अब लगभग साफ हो गई है कि इस कदम के पीछे रणनीतिक सोच का अभाव था। इसका नतीजा यह हुआ है कि यूरोप की समृद्धि खतरे में पड़ गई है। पूरे यूरोप में महंगाई और ऊर्जा संकट के कारण वहां के उद्योग धंधे अभूतपूर्ण चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस बीच रूस की प्राकृतिक गैस की भरपाई के लिए यूरोपीय देश ना सिर्फ अमेरिका से महंगी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) खरीद रहे हैं, बल्कि रूस की प्राकृतिक गैस और एलएनजी परोक्ष रूप से दूसरे देशों के जरिए खरीद रहे हैं। भारत जैसे देश को इसका भारी लाभ मिला है। गौरतलब है कि पश्चिमी देश रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत की आलोचना करते आए हैं। लेकिन ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत उसी रूसी तेल को प्रोसेस कर जो पेट्रोलियम उत्पाद बना रहा है, उन्हें जर्मनी भारी मात्रा में खरीद रहा है। और यह कहानी सिर्फ जर्मनी की नहीं है। जर्मनी की राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी डेस्टाटिस के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी से जुलाई के बीच जर्मनी ने करीब 40 अरब रुपये मूल्य के भारतीय पेट्रोलियम उत्पाद खरीदे हैं।

# राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का लक्ष्य आखिर कब तक पूरा हो पायेगा?

न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने से राजनीतिक व्यवस्था में भ्रष्ट और आपराधिक तत्वों को बाहर निकाला जा सकेगा। अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल एक साथ आएं और अपराधियों को सिस्टम से बाहर रखने पर आम सहमति बनाएं। आगामी पांच राज्यों में विधानसभा एवं अगले वर्ष लोकसभा चुनाव की आहट के साथ एक बार फिर अपराधी उम्मीदवारों को लेकर चिन्ता के स्वर उभर रहे हैं। राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का प्रवेश रोकने के लिए लंबे समय से बहसें चलती रही हैं। अमूमन सभी दल और उनके नेता इसे लेकर चिंता जताते हैं, मगर विडंबना यह है कि अब तक कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिसमें किसी अपराध में लिप्त रहे व्यक्ति को संसद या विधानसभा में पहुंचने से रोका जा सके। एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से पचीस फीसद मामले गंभीर अपराधों से जुड़े हुए हैं, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मामले शामिल हैं।

ये ही अपराधी छवि वाले सांसद एवं विधायक एक बार फिर उम्मीदवार बनने में सफल होने वाले हैं। सवाल है कि देश की संसद तक में इस स्थिति के रहते अपराधमुक्त राजनीति का लक्ष्य कैसे प्राप्त हो सकेगा? निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र की यह एक विद्रूपता एवं त्रासदी ही है कि किसी अपराधी का दोषी होने और सजायाफ्ता होने के बावजूद उसे कैसे उम्मीदवार बनाकर कर भोली-भाली जनता पर थोप दिया




जाता है। ऐसे अपराधी किस्म के जनप्रतिनिधि क्या जनता की भलाई करेंगे एवं क्या विधायिका में बैठकर जनता के हित के कानून बना पायेंगे? आजादी के अमृतकाल की दुदुम्भी और शंखनाद से इतर जब राजनीति के अपराधीकरण पर हम नजर डालते हैं तो शर्म से सिर झुक जाता है। जो सदन कभी जनता के सवालों पर गूंजता था, एक से बढ़कर एक वक्ताओं के ऐतिहासिक एवं सार्थक भाषणों की संसद से लेकर सड़क तक चर्चा होती थी, लोकतंत्र की इस खूबी पर दुनिया को भी जलन होती थी, आज वही लोकतंत्र, वही सदन दागी नेताओं की उपस्थिति और उसके खेल से शर्मसार है। भारतीय संसद के अबतक के इतिहास पर नजर डाले तो लगता है कि जिस तेजी से संसद और विधानसभाओं में दागी नेताओं की उपस्थिति बढ़ रही है, एक दिन ऐसा आएगा जब संसद में बेदाग नेता-मंत्रियों की तलाश अधूरी ही रह जायेगी। ऐसे अपराधी सांसदों एवं विधायकों के कारण सदनों में सत्रों के दौरान सार्थक बहसों की बजाय हंगामे होते हैं। इन्हीं कारणों से चिंताजनक स्थिति यह बनी है कि आज भारत में ही संसद के प्रति सम्मान, संसद में शालीन आचरण और पक्ष-विपक्ष के बीच स्वस्थ परंपराएं अब धूमिल हो रही हैं। संसद की कार्यवाही तो इसी ह्रास का संकेत करती है। देखना है कि संसद के आगामी विशेष सत्र में संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के समय कोई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत हो पाता है या नहीं? एक सफल लोकतंत्र के जितने भी आयाम हैं क्या भारत उस पर खरा उतरा है?

किसी भी लोकतंत्र की साख उसकी विधायिका पर ज्यादा निर्भर है। नेता के गुण-अवगुण और चरित्र लोकतंत्र को ज्यादा प्रभावित करते हैं। आजादी के बाद भारतीय विधायिका और उसके नेताओं की जनता के प्रति वफादारी और उत्तरदायित्व की तूती बोलती थी लेकिन अब वही विधायिका आपराधिक कुकृत्यों से कलंकित है। राजनीति में आपराधिक तत्वों का आधिपत्य है और संसद से लेकर विधानसभाएं अपराधी, दागी नेताओं से भरी हुई है। ऐसे में भला एक ईमानदार एवं आदर्श लोकतंत्र की कल्पना कैसे की जा सकती है? संसद और विधानसभाओं का भविष्य धुंधलाता जा रहा है। भले ही महिलाओं को संसदीय राजनीति के लिए अब तक 33 फीसदी आरक्षण का लाभ तो नहीं मिला हो लेकिन बड़ा सच यही है कि गुपचुप तरीके से सभी राजनीतिक दलों ने सदन में दागी नेताओं के लिए 33 फीसदी से ज्यादा सीटें आरक्षित कर रखी है। इसे आप दागियों के पैरों तले लोकतंत्र को कुचलना कहिये या फिर दागियों के प्रति लोकतंत्र की आस्था। यही हाल धनकुबेर नेताओं का भी है। अगर दागियों के लिए 33 फीसदी से ज्यादा सीटें आरक्षित है तो धनकुबेर नेताओं के लिए भी 80 फीसदी से ज्यादा सीटें आरक्षित हैं।

## मिला जुला

### आदित्य L1 ने साइंटिफिक डेटा कलेक्ट करना शुरू किया



#### इससे अंतरिक्ष के मौसम की जानकारी मिलेगी, आज रात L1 पॉइंट की तरफ निकलेगा स्पेसक्राफ्ट

**बेंगलुरु।** इसरो के सूर्य मिशन आदित्य L1 ने साइंटिफिक डेटा कलेक्ट करना शुरू कर दिया है। इसरो ने सोमवार को बताया कि स्पेसक्राफ्ट पर लगे सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर यानी STEPS इंस्ट्रूमेंट को 10 सितंबर को पृथ्वी से 50,000 किलोमीटर दूर एक्टिवेट किया गया था। डेटा की मदद से सोलर विंड और स्पेस वेदर के बारे में जानकारी मिलेगी। STEPS इंस्ट्रूमेंट आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट यानी ASPEX पेलोड का हिस्सा है। STEPS में छह सेंसर लगे हैं। हर एक सेंसर अलग-अलग दिशाओं में निरीक्षण करता है और 1 MeV से अधिक के इलेक्ट्रॉनों के अलावा, 20 keV/‹यूक्लियॉन से लेकर 5 MeV/न्यूक्लियॉन तक के सुप्रा-थर्मल और एनर्जेटिक आयन्स को मापता है।

### सुको ने हेमंत सोरेन से हाईकोर्ट जाने को कहा

#### ED के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमीन घोटाला मामले में ED की पूछताछ से राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया है। मामला जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी के बेंच पर था। सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस बोस ने कहा कि केस की सुनवाई हाईकोर्ट से शुरू होनी चाहिए।

### 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद हो सीट बंटवारा

# सीडब्ल्यू सी में कांग्रेस नेताओं की मांग, कहा- परफॉर्मेंस अच्छा रहा तो ज्यादा सीटें मांग सकेंगे

**हैदराबाद।** I.N.D.I.A गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा इस साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद की जाए। हैदराबाद में 16-17 सितंबर को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की मीटिंग में कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पार्टी हाईकमान से इसकी मांग की है।



सूत्रों के हवाले से बताया कि यह मांग करने वाले ज्यादातर नेता उन राज्यों से हैं, जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला I.N.D.I.A गठबंधन की दूसरी पार्टियों से है। इन नेताओं को भरोसा है कि पार्टी 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में अच्छा परफॉर्म करेगी, जिससे वे सीट शेयरिंग के दौरान मजबूत स्थिति में रहेंगे।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल के आखिरी में चुनाव होने हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने अब तक तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन संभावना है कि अगले महीने के पहले हफ्ते में इसका ऐलान हो जाए।

#### माकन समेत कई नेताओं ने AAP का विरोध किया

पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन, प्रवक्ता अलका लांबा और प्रताप सिंह बाजवा समेत दिल्ली और पंजाब के कुछ नेताओं ने आम आदमी पार्टी (AAP) के व्यवहार पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आप नेता पार्टी पर हमले कर रहे हैं और पार्टी नेताओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अजय माकन ने कहा कि आम आदमी पार्टी उन राज्यों में चुनाव लड़ने की घोषणा कर रही है, जहां कांग्रेस सरकार बनाने की स्थिति में है। वहां AAP कांग्रेस नेताओं पर हमले कर रही है। उन्होंने मांग की कि यह बंद होना चाहिए।

#### पंजाब के नेता AAP के साथ गठबंधन के पक्ष में नहीं

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि वे पंजाब में AAP के साथ गठबंधन करने के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि वहां उनके नेताओं पर निशाना साधा जा रहा है। पार्टी हाईकमान ने इस मामले पर अलग से चर्चा करने की बात कही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आश्वासन दिया कि दूसरी पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा स्टेट यूनिट्स की सलाह पर ही की जाएगी।

#### अखिलेश-केजरीवाल सितंबर अंत तक चाहते हैं सीट शेयरिंग

*I.N.D.I.A गठबंधन हर लोकसभा क्षेत्र में NDA के खिलाफ एक संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने की दिशा में काम कर रहा है।*

### पुरानी संसद में मोदी की 50 मिनट की आखिरी स्पीच

# नेहरू, इंदिरा, राजीव की तारीफ की; कहा- सदन ने कैश फॉर वोट और 370 को हटते देखा

**नई दिल्ली।** पुरानी संसद में सोमवार को संसद की कार्यवाही का आखिरी दिन है। मंगलवार यानी 19 सितंबर से संसद की कार्यवाही नई पार्लियामेंट बिल्डिंग में होगी। पीएम मोदी ने पुराने भवन में 50 मिनट की आखिरी स्पीच दी। पीएम ने इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद करते हुए कहा- ये वो सदन है जहां पंडित नेहरू का स्ट्रोक ऑफ मिडनाइट की गूंज हम सबको प्रेरित करती है। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का आंदोलन भी इसी सदन ने देखा था। उन्होंने कहा, सदन ने कैश फॉर वोट और 370 को भी हटते देखा है। वन नेशन वन टैक्स, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, गरीबों के लिए 10% आरक्षण भी इसी सदन ने दिया। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। स्पेशल सत्र में पांच बैठकें होंगी। इस दौरान चार



बिल पेश किए जाएंगे। उधर विपक्षी पार्टियों ने सरकार से सवाल-जवाब करने के लिए 9 मुद्दों की लिस्ट तैयार की है। विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A से 24 पार्टियां इस सेशन में हिस्सा लेंगी। पीएम ने पहली बार संसद में प्रवेश करने की यादों को ताजा करते हुए कहा- पहली बार एक सांसद के रूप में इस भवन में मैंने प्रवेश किया तो सहज रूप से मैंने संसद भवन की चौखट पर अपना शीश झुका दिया। इस लोकतंत्र के मंदिर को श्रद्धाभाव से नमन करने के बाद मैंने अंदर पैर रखा।

# देश भर में गणेश चतुर्थी की धूम

**नई दिल्ली/मुंबई/कोलकाता** देश भर में गणेश चतुर्थी की तैयारियां अंतिम चरण में है। मंगलवार 19 सितंबर को गणेश उत्सव का पहला दिन है। कोलकाता, जयपुर, नागपुर सहित कई शहरों में मंदिरों और पंडालों को सजाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, गणेश चतुर्थी तिथि से अनंत चतुर्दशी तक 10 दिनों के दौरान गणेश जी की विधि-विधान के साथ उपासना की जाती है। गुरुवार 28 सितंबर को गणेश विसर्जन किया जाएगा। हर साल की तरह महाराष्ट्र में गणपति पूजा को लेकर खास तैयारियां चल रही है।

मूर्तिकारों ने श्रद्धालुओं की पंसद के मुताबिक अलग-अलग तरीके की गणपति मूर्तियां बनाई हैं। गणपति के भोग के लिए मिठाइयों की दुकानों में मोदक और लड्डू की डिमांड बढ़ गई है। बाजार में फल-फूल से लेकर साज-सजावट के सामानों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

### राजस्थान और गुजरात में ऑरेंज अलर्ट

# मध्य प्रदेश में 24 सितंबर के बाद फिर भारी बारिश की चेतावनी, 12 दिन ही बचा मानसून

नई दिल्ली। देश में औसतन मानसून सीजन 30 सितंबर तक रहता है। इस बार बारिश के सिर्फ 12 दिन बचे हैं। मध्य प्रदेश में अगले छह दिनों के लिए बारिश पर ब्रेक लग गया है।

न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक गिरावट दर्ज



मौसम विभाग के मुताबिक, 20-21 सितंबर को बंगाल की खाड़ी से फिर से सिस्टम एक्टिव होगा। इससे MP में 24 सितंबर तक फिर से तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

वहीं आज के लिए मौसम विभाग ने राजस्थान और गुजरात में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीकानेर, कोटा, गंगानगर, भीलवाड़ा, बाड़मेर, बांसवाड़ा सहित कई जिलों में आज तेज बारिश हो सकती है। गुजरात की तासी नदी में बने बांध के 15 गेट खोल दिए गए हैं। जिसके चलते आसपास के गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय और नॉर्थ-ईस्ट राज्यों मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में अगले 24 घंटे बारिश की संभावना जताई गई है।

*पंजाब के विभिन्न जिलों में रविवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सोमवार को भी जारी है। मौसम विभाग की तरफ से पंजाब के 5 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले कुछ घंटों तक यहां बारिश होती रहेगी। वहीं राज्य के बरनाला, संगरूर व मानसा को छोड़ पूरे राज्य में 25 से 50% तक बारिश की संभावना बनी हुई है।*

# अपना उल्लू साधन वाले नेताओं को आईना दिखाने का समय आ गया है-नवनीत

बस्तर बेटा ने बलिराम कश्यप वार्ड के साथ ग्रामीण छेत्र बड़े बादाम के ग्राम हाट बाजार के साथ उलनार में जनचौपाल लगाया









**जगदलपुर** / बस्तर बेटा मुक्ति मोर्चा के पमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवनीत चांद लगातार जनता के संपर्क में है वे जनता के बीच जन जागरूकता के साथ उनकी समस्याओं के निवारण का प्रयास कर रहे। इसी कड़ी में उन्होंने शहर के संतोषी वार्ड में आयोजित तीजा जगार में एवं बलिराम कश्यप वार्ड के साथ ग्रामीण छेत्र बड़े बादाम के ग्राम हाट बाजार के साथ उलनार में जनचौपाल लगाया। सभी जगह-जगह लोगों ने अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को देखकर उन्होंने मिलकर समस्याओं के निदान के लिए एक होने की बात कही है इस अवसर पर श्री नवनीत ने कहा कि शहर हो या गांव बुनियादी समस्याओं जंजाल बस्तर को विकास से पीछे कर देता है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने कहा कि भाजपा के राज कांग्रेस भी जनता को भरम में रखी है छेत्री पूर्व विधायक के साथ वर्तमान विधायक को केवल राजनीति से मतलब है जनता का उन्हें कोई ध्यान नहीं है परंतु मुक्ति मोर्चा और जनता कांग्रेस पूरी तरह से शहर के साथ गांव के विकास के लिए समर्पित है हम मिलकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं और करते रहेंगे अब केवल अपना उल्लू सामने वाले लोगों को आइना दिखाने के समय आ गया है जनता जागरुक है । इस दौरान पदाधिकारियों के रूप में रामू नाग,चेतन बघेल संतोष सिंह,ओम मरकाम,किरण नाग, धनसिंग बघेल आदि कार्यकर्ता एवं वार्ड वाशी उपस्थित थे।

## श्री गणेश चतुर्थी पर जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा ने प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



गजाननाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष चतुर्थी को गणेश चतुर्थी पर्व पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा ने प्रदेशवासियों को सुख-शांति और समृद्धि के लिये बधाई शुभकामनाएं दी है। कृष्ण कांत चन्द्रा ने कहा कि, प्रथम पूज्यनीय श्री गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक, धन-धान्य, रिद्धि-सिद्धि के कारक है, सच्चे मन और विधि पूर्वक भगवान श्रीगणेश की पूजा करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है। कोई भी शुभ कार्य बिना गणेश जी के पूरा नहीं हो सकता। इसीलिए सर्वप्रथम भगवान गणेश जी की पूजा और स्तुति की जाती है। चंद्रा ने कहा किए गणेश चतुर्थी राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक संकल्प को स्मरण करने का पुण्य दिवस है।

राजधानी में रिद्धि सिद्धि के साथ विराजेंगे मुकुट वाले गणेश

## 30 लाख का स्वर्ण मुकुट

1 अक्टूबर तक होगा विसर्जन, रात 10 बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे

रायपुर। सार्वजनिक पंडाल में स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमाओं में एक ऐसी प्रतिमा भी है जिसे सोने के मुकुट से सजाया जाता है। छत्तीसगढ़ में यह इकलौती ऐसी प्रतिमा होती है जिसे हर साल इसी श्रृंगार के साथ स्थापित किया जाता है। रायपुर के गोल बाजार में यह प्रतिमा विराजित होती है।



श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति हनुमान मंदिर गोल बाजार में गणेश उत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। यही सोने के मुकुट वाले भगवान गणेश को विराजमान किया जाएगा। इस बार भगवान गणेश रिद्धि सिद्धि के साथ विराजमान होंगे। झांकी की भी खास सजावट की जा रही है।

समिति के पदाधिकारी केदार गुप्ता ने बताया कि स्वर्ण मुकुट से श्रृंगार होने वाली सार्वजनिक गणेश उत्सव की यह पहली ऐसी प्रतिमा होती है। साल 2018 में स्थानीय व्यापारियों की मदद से स्वर्ण मुकुट तैयार किया गया, जिसे भगवान को समर्पित किया जाता है। रायपुर के गोल बाजार गणेश उत्सव की विशेष मान्यता है।

कुछ अलग करने की चाहत के साथ सोने के मुकुट को समिति ने तैयार करवाया। वर्तमान बाजार मूल्य के मुताबिक 700 ग्राम के इस सोने के मुकुट की कीमत 35 लाख रुपए से अधिक है। इसे समिति में ही वापस सुरक्षित रखा जाता है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पंडाल की सुरक्षा का ध्यान भी रखा जाता है।

*गोल बाजार के पंडाल में इस बार झांकी में भगवान कृष्ण की लीलाएं देखने मिलेगी, सुदामा और कृष्ण की मित्रता के भाव के साथ झांकी में राधा रानी का प्रेम भी दिखेगा। भगवान कृष्ण राधा जी को मेहंदी लगाते नजर आएंगे। मीरा की भक्ति के भाव भी दिखाई देंगे।*

## स्वास्थ्य सम्बंधित योजनाओं को जन-जन पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य अमला मिशन मोड पर




**रायपुर।** स्वास्थ्य सम्बंधित योजनाओं को मिशन मोड में जन- जन तक पहुंचने के लिए आयुष्मान भव अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 13 सितंबर से शुरू किया गया है जो 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर अभियान का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्वारा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की उपस्थिति में किया गया है। वहीं राज्य स्तर पर स्वास्थ्य मंत्री छग शासन टीएस सिंहदेव ने अभियान की शुरुआत की है। इसी कड़ी में जिला स्तर पर कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भूरे के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान भव- अभियान शुरू किया गया है। इस बारे में सीएमएचओ रायपुर, डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, इस कैम्पेन में मुख्य चार घटकों में रायपुर जिले के समस्त विकासखंड-आरंग, अभनपुर, तिल्दा धरसीवा शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य संस्थाएं जैसे समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र (समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) में 31 दिसम्बर तक गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस क्रम में आयुष्मान आपके द्वार 3.0 (13 सितम्बर से 31 दिसम्बर ) अंतर्गत समस्त हितग्राही के आयुष्मान भारत कार्ड वितरण किया जाएगा। इसी तरह आयुष्मान सभा का आयोजन 13 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसमें प्रत्येक गांव में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के दौरान ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्राम स्तर पर जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसमें आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी के महत्व बताए जाएंगे। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के माध्यम से गैर संचारी रोग, सिकल सेल, टी.बी. आदि से संबंधित जागरूकता प्रचार किया जाएगा। इसके साथ ही आयुष्मान मेला अंतर्गत 17 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक रायपुर जिले के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर स्तर पर आयुष्मान मेला का आयोजन प्रत्येक शनिवार को रायपुर जिले के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जाएगा। रायपुर जिले में दस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी अभनपुर, नवापारा, आरंग, धरसीवा, खरोरा, तिल्दा, विरगांव, आयुर्वेदिक कैंपस, गुढ़ियारी एवं खोखोपारा में आयुष्मान मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेडिकल कॉलेज डॉ.भीम राव आंबेडकर चिकित्सालय, श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सहयोग से किया जाएगा। इस गतिविधि अंतर्गत (0-18) वर्ष के समस्त बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें बच्चों के जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाना एवं सामुदायिक स्तर में बच्चों को सार्वभौमिक समग्र देखभाल प्रदाय करना है।

जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की 4डी में स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके साथ ही 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा।

अमरकंटक, गोंदिया-बरौनी समेत इन ट्रेनों का बदला रुट

## दो दर्जन ट्रेनें हुई फिर रद्द : 19 सितंबर से नहीं चलेगी कटनी रुट की ये ट्रेनें




**रायपुर/बिलासपुर।** रेलवे ने फिर कटनी रुट की दो दर्जन से ज्?यादा ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही लगभग आधा दर्जन ट्रेनों का रुट बदल दिया है। रेल अफसरों के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के न्यू कटनी स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा, इसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित।

रद्द होने वाली गाडियां- 01. 19 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 18236 बिलासपुरङ्कभोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02. 21 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2023 तक भोपाल से चलने वाली 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

चलने वाली 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03. 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2023 तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 04. 21 सितम्बर से 05 अक्टूबर 2023 तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

05. 20 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुरङ्करीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06. 21 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2023 तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07. 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2023 तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

08. 21 सितम्बर से 05 अक्टूबर 2023 तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 09. 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2023 तक रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

10. 21 सितम्बर से 05 अक्टूबर 2023 तक चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 11. 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर- इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 12. 01 अक्टूबर से 05 अक्टूबर 2023 तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 13. 03 अक्टूबर 2023 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 04044 निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर साप्ताहिक स्पेशल रद्द रहेगी । 14. 05 अक्टूबर 2023 को अम्बिकापुर से चलने वाली 04043 अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन साप्ताहिक स्पेशल रद्द रहेगी । 15. 02 अक्टूबर 2023 को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 16. 03 अक्टूबर 2023 को रायपुर से चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

17. 29 सितम्बर 2023 से 03 अक्टूबर 2023 तक छपरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18. 30 सितम्बर 2023 से 04 अक्टूबर 2023 तक दुर्ग से चलने वाली 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 19. 27 व 29 सितम्बर 2023 को दुर्ग से चलने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

एक नजर

## छत्तीसगढ़ पहुंचे विदेशी डेलीगेट्स, एयरपोर्ट में छत्तीसगढ़ी परंपरा से स्वागत



**रायपुर।** जी-20 सम्मेलन के लिए विदेशी डेलीगेट्स आज रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंच रहे हैं। रायपुर में होने वाली 18 से 19 सितंबर को सम्मेलन में शामिल होंगे। विदेश से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंच रहे डेलीगेट्स का छत्तीसगढ़ी अंदाज में स्वागत किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ी परिधान में सजी युवतियां सभी मेहमानों को तिलक लगाकर और छत्तीसगढ़िया गमछा भेंट कर स्वागत किया। बैठक में 28 देशों के डेलीगेट्स शामिल हो रहे हैं।

राजधानी रायपुर के सड़कों को छत्तीसगढ़िया थीम पर सजाया गया है। जगह-जगह जी-20 के बड़े-बड़े बेनर पोस्टर लगाए हैं। दीवारों पर और चौक-चौराहों पर आकर्षक साज सज्जा की गई है। डेलीगेट्स के स्वागत के लिए एयरपोर्ट के बाहर कलाकार करमा ददरिया गीतों को गाते और नृत्य करते नजर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को बेनर, पोस्टर और पेंट से दर्शाया गया है। एयरपोर्ट से निकलते ही डेलिगेट्स छत्तीसगढ़ महतारी और बस्तर आर्ट के चित्रकला को देख रहे हैं। पूरे भारत में त्न-20 का सम्मेलन हो रहा है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 18-19 सितंबर को त्न-20 सम्मेलन होगा। इस संबंध में कई देशों के कार्य समूह की बैठक होगी। जी 20 के चौथे फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में भाग लेने दुनियाभर से आए प्रतिनिधि अपने साथ छत्तीसगढ़ की सुंदर स्मृतियों के साथ छत्तीसगढ़ी संस्कृति की चिन्हारी भी साथ लेकर जाएंगे। जी 20 के माध्यम से इस अनुपम छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रचार-प्रसार हो सकेगा। छत्तीसगढ़ की चिन्हारी गिफ्ट में वनोपजों से बनाए गए खास प्रोडक्ट पैक होंगे। मिलेट्स से बने कूकीज दिए जाएंगे।

*संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से इस वर्ष को मिलेट ईयर घोषित किया गया है। मिलेट्स कैफे बनने से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ के जंगलों में पाई जाने वाला शहद देश के सबसे शुद्ध और स्वादिष्ट शहद माना जाता है। इसमें औषधिय गुण भी रहते हैं। छत्तीसगढ़ में उत्पादित किए जाने वाले एलोवीरा जेल, अश्वगंधा चूर्ण की लोकप्रियता भी देश भर में है। डेलीगेट्स को गिफ्ट में दिए जाएंगे।*

## कल्प समाजसेवी संस्था कसडोल के नेतृत्व में पारंपरिक खेती व्यंजन की दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।

कल्प समाज सेंवी संस्था कसडोल स्वीसएड के नेतृत्व में ब्यंजन उत्सव कार्यक्रम ग्राम -डाढाखार के स्कुल मैदान मेंब्यंजन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में खुडमुढी, कटवाझर,डाढाखार,फुरफुदी, झालपानी के महिला किसान समुह व ग्राम विकास समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि ,मितानी आंगनबांडी कार्यकर्ता, शिशुवती, गर्भवती, किशोरी बालिका, छोटे बच्चे, शिक्षक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं सम्मस्त ग्रामवासी इस कार्यक्रम में सामिल रहे। कल्प समाज सेंवी संस्था -कसडोल - स्वीसएड पिछले 8 सालो से 21 गांवों में गांव विकास, जैविक खेती,पौष्टीक बगीचा, मोटा अनाज कोदो, मढ़ीया, कुटकी, कुलथी, हिरवा, मनरेगा, ग्राम सभा, महिला शश्क्तीकरण , देशी धान को बढ़ाना। महिला किसान समुह के सदस्यों को आजिविका को बढ़ाने के लिये बकरी पालन मुर्गी पालन के साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के जानकारी दे रही है जिसमेंमुख्य रूप सेकृषि विभाग के कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे साथ ही साथ किसान मित्र के रूप में राजू देवदास ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा राजू चौहान आसपास से आए हुए ग्रामीण छोटे-छोटे बच्चों के साथ ही साथक्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधि लोग भी सम्मिलित होकर सभी सभी लोगों ने इस प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए सेवा संस्थान के कर्मचारीसेवा संस्थान के कर्मचारीयों का आभार व्यक्त किया और जानकारी प्राप्त करके खुशी जाहिर करते हुए खुशी की माहौल देखना को मिला। गांव के किसान मित्र राजू देवदास के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया साथ ही साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा चौहान के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के बारे में पौष्टिक आहार के बारे में भी जानकारी दिया गया जिससे लोगों में खुशी का माहौल बना रहा , मुख्य रूप से जानकारी इस प्रकार रही जिसमें मछली पालन, सामुहिक सब्जी खेती, वनोपज बेचकर, यह संस्था अलग अलग विषयों पर गांव विकास के कार्य कर रहें। कल्प समाज सेंवी संस्था-कसडोल के अध्यक्ष-अभिषेक सर, महेन्द सर, मनोज सर, कार्यकर्ता कृष्णा कुमार, सुखेन्द, धंनजय सतिश ,व कृषि विभाग के अधिकारी सतीश वर्मा सर शामिल रहे है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुलिस ग्राउंड हेलीपेड बीजापुर पहुंचने पर हुआ स्वागत







बीजापुर। यहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा भी उपस्थित हैं।

# सज-धज कर तैयार हुआ चक्रधर समारोह का मंच

*** 38 वें चक्रधर समारोह का शुभारंभ आज से* उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि**

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।





38 वें चक्रधर समारोह का आगाज 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के साथ होने जा रहा हैं। कलाकारों के उम्दा प्रस्तुति का गवाह बनने चक्रधर समारोह का मंच सज.धज कर तैयार हो चुका है। यहां तीन दिनों तक नृत्य और संगीत का मनमोहक संगम देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि 19 से 21 सितंबर तक कला और संस्कृति को समर्पित चक्रधर समारोह का नगर निगम ऑडिटोरियम में गरिमापूर्ण आयोजन होने जा रहा है। जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल का रंग–रोगन किया गया है। साज.सज्जा के साथ समारोह का मंच अपने अतिथि कलाकारों के स्वागत हेतु आतुर है। मालूम हो कि इस बार का चक्रधर समारोह विशेष होने जा रहा है। स्थानीय कलाकारों की बहुआयामी प्रतिभा से सजे समारोह के साक्षी बनने का मौका दर्शकों को मिलेगा। कार्यक्रम की तय रूपरेखा के अनुसार 19 सितंबर को शाम 6 बजे से उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में समारोह का शुभारंभ होगा। उद्घाटन के अवसर पर वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत नृत्य के साथ, पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह सोमा दास एवं ग्रुप चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्रा, ख्याल एवं ढुमरीद्धपर शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे श्रीधारा द्वारा ओडिसी नृत्य, सुश्री गीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुश्री मधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री अंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक–संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर समारोह में 20 सितम्बर को दोपहर 12 से शाम 05 बजे तक ओपी जिंदल स्कूलए तराईमाल द्वारा देशभक्ति, न्यू होराइजन स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ द्वारा ईश्वर भक्ति पर सेमी क्लासिकल, विद्या विकास कांसेप्ट स्कूल रायगढ़ द्वारा कृष्ण लीला नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार सेंट जेंवियर्स स्कूल रायगढ़ द्वारा राजस्थानी व हरियाणवी, ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली द्वारा शिव तांडव पर कथक एवं भरतनाट्यम, जीजी बोर्डिग स्कूल धनुवारडेरा द्वारा गुजराती नृत्य, आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर रायगढ़ द्वारा संबलपुरी गीत केसरी लो पर रास, सेजेस शासकीय स्कूल तमनार द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा दुर्गा एवं काली पर आधारित मराठी नृत्य, कार्मेल हिन्दी माध्यम स्कूल रायगढ़ द्वारा देश भक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 20 सितम्बर को शाम 6 बजे से सुश्री आनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्य, मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार रायगढ़ घरानाद्ध द्वारा कथक नृत्य, गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुश्री नेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुश्री आरती सिंह द्वारा लोक संगीत लोकचदा, सुश्री घनिष्ठा दुबे रायगढ़ घराना, द्वारा कथक नृत्य, मो. रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन,हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, मो.अयान द्वारा पियानो वादन एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी। इसी प्रकार 21 सितम्बर को दोपहर 12 से 04 बजे तक सुश्री धरित्री सिंह चौहान पुसौर द्वारा कथक, सुश्री शार्वी सिंह परिहार द्वारा कथक, शेखर गिरी एवं ग्रुप द्वारा पंथी नृत्य, विजय शर्मा द्वारा जसगान एवं लोक गायन तथा नृत्य, सुश्री गीतिका वैष्णव द्वारा म हि षा सु र मर्दिनी/लोकगायन/नृत्य, मनोज तिवारी द्वारा जस जागरण लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुश्री अनंता पाण्डेय द्वारा कथक,ललित यादव द्वारा सुगम संगीत भजन, सुश्री पर्ल मोटवानी द्वारा शास्त्रीय गायन, डॉ.दीपिका सरकार एवं गुप द्वारा भरत नाट्यम, हरे कृष्ण तिवारी द्वार बांसुरी वादन, सुश्री शार्वी केशरवानी द्वारा कथक एवं विजय सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

### तीन दिवसीय समारोह में लोक कला की बिखरेगी छटा

21 सितम्बर को शाम 6 बजे से इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा विशिष्ट कार्यक्रम की प्रस्तुतियां होगी। सुश्री तब्बू परबीन रायगढ़ घराना,द्वारा कथक नृत्य,अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम, सुश्री आशना दिल्लीवार द्वारा कथक नृत्य, इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी भजन/ लोकगायन, सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य, डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन एवं युवराज सिंह आजाद एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा नाटक इप्टा की प्रस्तुति देंगे।



# भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए रायगढ़ जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर/अंबिकापुर।



बीते दो तीन दिनों से जशपुर सरगुजा जिले पहुंची छग भाजपा की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में सक्ति विधानसभा प्रभारी व रायगढ़ जिला भाजपा उपाध्यक्ष विकास केडिया भी शामिल होने पहुंचे हुए है। प्रदेश टीम में शामिल भाजपा नेता विकास केडिया ने बताया कि कल 17 सितंबर को परिवर्तन यात्रा का काफि ला सुबह जशपुर जिले के पत्थलगांव शहर से हुई, जहां से काफि ला क्रमश: पत्थलगांव के फु लेता चौक से होते हुये सरगुजा जिले के सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के गुतुरमा, बतौली, लुण्ड्रा के रघुनाथपुर से होकर देर रात जिला मुख्यालय अम्बिकापुर पहुंचा, वही आज सुबह विकास यात्रा का काफि ला अंबिकापुर मुख्यालय से निकलकर जिले की शेष विधानसभा क्षेत्रों जिसमें बलरामपुर, रामानुजगुंज से होकर पड़ोसी जिले सूरजपुर पहुंचेगी। छग भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेशस्तरीय नेतागण एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण इस परिवर्तन यात्रा के जरिए पूरे छग राज्य की जनता से रूबरू हो रहे हैं और आम जनता से सीधा संवाद कर उनसे पूछ रहे हैं कि कांग्रेस शासित भूपेश बघेल सरकार ने अपने घोषणा पत्र में जो कहा गया वो सब आम जनता को मिला। आगे भाजपा नेता केडिया ने कहा जशपुर सरगुजा की यात्रा में शामिल होने के बाद उन्होंने बहुत करीब से अनुभव किया है कि कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा जितना उत्साह पार्टी कार्यकर्ताओं में है उससे कई गुणा ज्यादा उत्साह आम जनता में है और वे लोगों के उत्साह को देखकर निजी तौर पर बेहद उत्साहित और आश्वस्त हैं कि आम जनता भी अब प्रदेश की झूठी और लबरी भूपेश बघेल सरकार से त्रस्त हो चुकी है और उसे उखाड़ फेंकने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आगे भाजपा नेता केडिया ने यह भी कहा कि जशपुर और सरगुजा जिले पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा का अगुवाई विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और छग के पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री विष्णु देव साय जैसे दिग्गज नेताओं के कुशल मार्गदर्शन में जशपुर और सरगुजा जिले सहित पूरे छग की आम जनता को यह संदेश भी दे रही है कि पहले भी हमने आप सबकी सेवा की है, आगे भी करेंगे। साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाएंगे ताकि समाज के अंतिम आदमी को भी मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें। रायगढ़ से विकास केडिया के साथ युवा मोर्चा जिलामंत्री प्रशांत कुमार सिंह,भाजपा नेता खगेश देवांगन,अमन वैष्णव,सपन देवनाथ के साथ अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

# जंगल में महिला के साथ तीन आरोपियों ने किया सामूहिक दुष्कर्म पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – रतनपुर।




बेलगहना चौकी क्षेत्र निवासी महिला के साथ गांव के ही 3 लोगो ने सामुहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने घर पहुंचने के बाद घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। शिकायत पर बेलगहना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बेलगहना चौकी क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय महिला बीते 13 सितंबर की सुबह 9 बजे जंगल की ओर गई थी। जंगल में गांव के ही तीन लोगों ने महिला को घेर कर उसके साथ सामुहिक बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद महिला किसी तरह घर पहुंची व परिजनों को घटना की जानकारी दी।महिला के परिजन बेलगहना चौकी पहुंचे व घटना की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद बेलगहना पुलिस ने अपराध दर्ज कर दुष्कर्म करने वाले सियाराम तिर्की उर्फ गड्डू, अशोक कुमार यादव और दुकाल बैगा को गिरफ्तार कर लिया है, और उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# सुनील रामदास ने अंचल वासियों को गणेश चतुर्थी की दी शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



गणेश चतुर्थी सनातन हिन्दू मान्यताओं के अनुसार बहुत पावन पर्व है, क्योंकि यह दिवस प्रथम पूज्य भगवान गणेश के अवतरण दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व की रायगढ़ अंचल वासियों को भाजपा कार्यकर्ता और रामदास द्रौपदी फ़ाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि सनातन हिन्दू परम्पराएं उत्सव धर्मिता वाली परम्पराएं हैं और इस उत्सव धर्मिता से समाज के अर्थ व्यवस्था को गति मिलती है। जिससे समाज के हर व्यक्ति के पास अर्थ पहुंचता है और समाज का हर वर्ग उस उत्सव में भाग लेता है। भारत में उत्सवों के अभिप्राय को दो स्वरूपों में प्रतिस्थिापित किया गया है। एक आर्थिक स्वरूप और दूसरा आध्यात्मिक स्वरूप तथा इन उत्सवों को दोनों स्वरूपों से जोड़कर हमारे पूर्वजों द्वारा रखा जाना एक दूरदर्शिता पूर्ण बनाई गई सामाजिक व्यवस्था है। क्योंकि एक स्वरूप से समाज में भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है, तो वहीं दूसरा स्वरूप उस स्त्राष्टा के प्रति आभार प्रदर्शन का है, जिसके द्वारा यह सृष्टि बनाई गयी है। उस आध्यात्मिक स्वरूप के माध्यम से समाज द्वारा उस स्त्राष्टा को आभार प्रदर्शित किया जाता है, जिसने जीवन के साथ.साथ जीवन चक्र को बनाए रखने हेतु भौतिक संस्थानों सहित उसके उपयोगिता के लिए मानव को बुद्धि प्रदान किया है। यही कारण है कि हमारे उत्सवों में सबसे पहले देवी.देवताओं के पूजन का विधान बनाया गया। इस विधान को पूरा करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं, जिसमें सामग्रियों की आवश्यकताओं होती है और इन सामग्रियों की पूर्ति हेतु अलग.अलग प्रकार के कार्यों को करने वाले लोगों को दायित्व दिया गया है। जिसके माध्यम से उत्सवों में उनकी भागीदारी को भी सुनिश्चित किया गया है। इसलिए मेरा अंचल वासियों ने निवेदन है कि आइए हम सब मिलकर प्रथम पूज्य भगवान गणेश के प्राकट्य उत्सव को धूमधाम से मनाएं।

# विवेक अग्रवाल का वित्तीय स्वतंत्रता और नेतृत्व पर प्रेरणादायक व्याख्यान 26 सितंबर को होटल अंश रायगढ़ में

* युवाओं, विद्यार्थियों और उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



प्रतिष्ठित कारपोरेट लीडर विवेक अग्रवाल का वित्तीय स्वतंत्रता और नेतृत्व पर प्रेरणादायक व्याख्यान 26 सितंबर को होटल अंस में संध्या 5 से 7 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस व्याख्यान का आयोजन इंडिया सीएसआर द्वारा किया गया है। सभा में विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए वित्तीय स्वतंत्रता और वर्तमान अर्थव्यवस्था में करियर व नेतृत्व क्षमता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला जाएगा। यह विशेष आयोजन युवा, विद्यार्थीगण, अभिभावक, पेशेवर, शिक्षक, उद्यमी आदि के अत्यंत प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है। इंडिया सीएसआर के संस्थापक एवं लेखक पत्रकार रुसेन कुमार ने यह जानकारी दी।

### कुछ भी हो सकता है

विवेक अग्रवाल प्रतिष्ठित कॉरपोरेट हस्ती हैं, जो कि वर्तमान में गोदावरी पावर और इस्पात लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सीओओ, हैं, अपने व्याख्यान में जीवन की असीम संभावनाओं पर विचार व्यक्त करेंगे। विवेक अग्रवाल का प्रेरणादायी उद्बोधन श्कुछ भी हो सकता है या थीम पर आधारित है। विवेक अग्रवाल का कहना है कि कोई भी लक्ष्य अधिक कठिन नहीं है। कोई भी चुनौती अजेय नहीं है, और ठानी हुई सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ, सचमुच श्कुछ भी हो सकता है। और उल्लेखनीय सफ लता प्राप्त की जा सकती है।

### विशिष्ट अतिथि गण

ओपी जिंदल स्कूल के विद्वान प्राचार्य आरके त्रिवेदी, प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ.राजू अग्रवाल, प्रतिष्ठित सामाजिक व्यक्तित्व सुनील रामदास, अग्रोहा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट रायगढ़ के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल एवं रायगढ़ नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन संतोष अग्रवाल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और सम्मानित श्रोताओं को प्रेरित करेंगे। अपने विषय पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एवं अनेक देशों की व्यावसायिक यात्रा कर चुके विवेक अग्रवाल 2 दशक से अधिक समय तक जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड की प्रगति में योगदान देते रहे हैं। विवेक अग्रवाल रायगढ़ को अपनी कर्मभूमि मानते हैं, जहां उन्होंने अपने जीवन के 22 मूल्यवान वर्ष बिताए। अब वह इसी कर्मभूमि को और अधिक समर्पित करना चाहते हैं। यह व्याख्यान विवेक अग्रवाल के विस्तृत अनुभवए अंतर्दृष्टि और सामाजिक विषयों के प्रति उनके जुड़ाव और उनके जज्बे को प्रकट करेगा। जो एक सशक्त और उद्देश्य-प्रेरित पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के लिए है। विवेक अग्रवाल के व्याख्यान में एक मुख्य संदेश यह है। वित्तीय स्वतंत्रता और प्रभावशाली नेतृत्व के बीच सहयोगी संबंध करना। बहुत से लोगों के लिए वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक प्रमुख लक्ष्य है। हालांकि, यह केवल धन जमा करने के बारे में नहीं है, बल्कि इसे समाज की बेहतरी के लिए उपयोग करने और उदाहरण प्रस्तुत करके अर्थपूर्ण नेतृत्व करने के बारे में है। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 9981099555 पर सम्पर्क करके नामों का पंजीयन किया जा सकता है।

# एन. आर. इस्पात द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में बच्चो को सिखाया गया इको गणेश मूर्ति बनाना

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।





शहर की प्रतिष्ठित समाजसेवी ग्रुप एनआर इस्पात के बहुरानी चाहत अग्रवाल के द्वारा शहर के सैकड़ो बच्चों को इको फ्रेंडली गणेश बनाना सिखाया गया साथ ही आना इस्पात की बहु रानी चाहत अग्रवाल द्वारा संदेश दिया गया की अपने हाथों से भगवान गणेश की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा अर्चना कर उन्हें पौधे जगाए और पर्यावरण वातावरण को अनुकूल करें इसी तारतम्य में सोमवार को 11ः00 बजे बच्चों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जो की एन आर विला में सम्पन्न हुआ , जिसमे शहर के अनेको बच्चो ने भाग लिया , सर्वप्रथम श्री गणेश भगवान का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। व एन आर के द्वारा एक बार पुनः एक अनूठा प्रयास किया गया । बच्चो को अपने संस्कृति से जोड़ने का और प्रकृति को सहेजने का ।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

कचरा मुक्त भारत थीम पर हो रहे विभिन्न आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़ – बलौदाबाजार।




### स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के थीम कचरा मुक्त भारत के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्थलों का चिन्हांकन किया गया है, जहां कूड़ा जमा होता है और उन स्थलों की साफ–सफाई की जा रही है। भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों को आदत परिवर्तन के लिए 3 माह तक लगातार प्रेरित किया जाएगा। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थल,बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, पर्यटन स्थल, पार्क, धार्मिक स्थल, प्रसिद्ध स्थल, नदी के किनारे, घाट, नालियों व नाले में श्रमदान के माध्यम से साफ–सफाई की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी जमा लीगेसी वेस्ट की सफाई की जा रही है। सभी स्वच्छता परिसंपत्तियों का सुधार, पेंटिंग, सफाई व ब्रांडिंग भी हो रही है। सभी शहर व ग्राम के मार्केट प्लेस, सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल,पर्यटन स्थल पर स्वच्छ भारत मिशन की पेंटिंग व डस्टबिन की उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता प्रतियोगिता, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रन का आयोजन हो रहा है। पर्यटन स्थल व धार्मिक स्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने व हरा गीला कचरा तथा सूखा नीला कचरा की जानकारी दी जा रही है। सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र व संस्थान में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। 17 सितम्बर को इंडियन स्वच्छता लीग में युवाओं द्वारा श्रमदान के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थलों की सफाई की जाएगी। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन एवं केन्द्र पोषित योजना में लाभ हेतु सिंगल विंडो वेल्फेयर कैम्प व हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों से स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का ब्राउचर पाम्प्लेट, पोस्टर के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

### मुड़पार में मनाया गया सामूहिक श्रम दान

पलारी विकासखंड के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत मुड़पार में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा सामूहिक श्रम दान कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### *विभिन्न गावों में हुआ आयोजन

ग्राम पंचायत मोतीपुर,सकरी,बुचीपार, में आज स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सामूहिक श्रमदान किया गया जिसमे गली की साफ सफाई ,नाली की साफ सफाई,हैंडपम्प के आस पास की साफ सफाई एवं सभी सर्वजनिक स्थानों की साफ सफाई किया गया तथा सभी को स्वछता के प्रति जागरूक होने के लिए शपथ दिलाई गई।

जिसमे मुख्य रूप से सीईओ हिमांशु वर्मा द्वारा ग्राम पंचायत मोतीपुर, पीसीद, आमखोहा एवं खरी के सरपंच,स्वछाग्राही और गांव के सभी नागरिकों ने इस स्वच्छता कार्यक्रम मे भाग लिया एवं स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक किया गया।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, मंगलवार 19 सितंबर 2023

## डेविल से संयुक्ता का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आया




नंदामुरी कल्याण राम की उत्सुकता से प्रतीक्षित अवधि जासूसी थ्रिलर, डेविल, अभिषेक नामा के निर्माण और निर्देशन के तहत 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। संयुक्ता के जन्मदिन के अवसर पर, जो फिल्म में निषाधा की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, निर्माताओं ने उनके चरित्र पोस्टर का अनावरण किया। पोस्टर में, संयुक्ता पारंपरिक पोशाक में लालित्य का परिचय दे रही है, एक गर्म मुस्कान के साथ, नारियल और फूलों से सजे मंदिर की यात्रा का संकेत दे रही है। डेविल में श्रीकांत विस्सा की मनमोहक कहानी, पटकथा और संवाद हैं। फिल्म का संगीत हर्षवर्द्धन रामेश्वर ने तैयार किया है, जबकि सौंदराजन छायाकार हैं।



## श्वेता तिवारी ने बॉसी लुक में लगाया इंटेंस तड़का, ग्लैमरस अदाओं पर ठहर गईं नजरें

श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने लगी हैं. अक्सर उनके इंस्टाग्राम पर उनके नए-नए लुक्स देखने को मिल जाते हैं. ऐसे में एक्ट्रेस के फॉलोअर्स की लिस्ट भी लगातार लंबी होती जा रही है.

वहीं, श्वेता की भी हर अदा को देखकर ऐसा लगने लगा है कि एक्ट्रेस की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती जा रही है वह और ज्यादा जवां होने लगी हैं. श्वेता का हर लुक फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा देता है. अब फिर से एक्ट्रेस ने अदाएं दिखाते हुए इंस्टाग्राम पर अपने नए लुक की झलक दिखाई है. लेटेस्ट फोटोशूट के लिए श्वेता ने बॉसी लुक में पोज दिए हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस डार्क ग्रे शेट का ट्राउजर और क्रॉप शर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं. अपने इस लुक को उन्होंने सटल शाइनी बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने बालों को ओपन रखकर ही सिंपल हेयर स्टाइल बनाया है. वहीं, एक्सेसरीज के तौर पर श्वेता कानों में हूप ईयररिंग्स कैरी किए हैं. श्वेता इस लुक में काफी हॉट और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. उन्होंने अपने इस स्टाइलिस बॉसी लुक को भी कैमरे के सामने बहुत खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया है. उन्होंने इंटेंस लुक में कई पोज दिए हैं. अब श्वेता के चाहने वालों के बीच उनका ये स्टाइलिश लुक भी काफी वायरल होने लगा है. फैंस ने उनकी तारीफों के पुल बांधते हुए कई कमेंट्स किए हैं. श्वेता के इस स्टाइलिश लुक को देखकर अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता कि एक्ट्रेस 42 साल की हो गई हैं और 2 बच्चों की मां हैं. वहीं, श्वेता के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो इन दिनों वह रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर चर्चा में हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस हम तुम एंड दैम टाइटल से बन रही सीरीज में भी नजर आएंगी।

## राधा कृष्ण सीरियल की राधा उर्फ मल्लिका रियल लाइफ में हैं बेहद स्टाइलिश



टीवी सीरियल अगर भक्ति से जुड़ा हो तो देखने वालों की संख्या चार गुनी बढ़ जाती है. साथ ही कई नई और अहम जानकारी भी मिलती है. वहीं साल 2018 में राधा कृष्ण सीरियल ब्रॉडकास्ट हुआ था. इस सीरियल में राधा और कृष्ण के प्रेम और उनके बलिदान की कहानी दिखाई गई. यह सीरियल इनता पसंद किया गया कि इस सीरियल ने जमकर टीआरपी बटोरी. सीरियल के गाने को साथ ही कहानी और किरदारों ने चार चांद लगा दिए थे.

बता दें कि इस सीरियल में कृष्ण का किरदार सुमेध मुद्गलकर ने निभाया था. वहीं इस सीरियल में राधा का करिदार मल्लिका सिंह ने निभाया था.

बता दें कि राधा के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस मल्लिका सिंह ने इस सीरियल से फैन्स का दिल जीत लिया था. चारों तरफ उन्होंने वाहवाही लूटी थी. वहीं बता दें कि मल्लिका सिंह रियल लाइफ में काफी स्टाइलिश हैं. सोशल मीडिया पर उनके कई स्टाइलिश तस्वीरें मौजूद हैं. जिसे देखकर फैन्स हैरान हो गए हैं. कभी वे क्राप टॉप पहने दिखाई दे रही हैं तो कभी वे स्कर्ट टॉप में नजर आ रही हैं. उनका ये फैशनेबल अवतार देख फैन्स के तो होश ही उड़ गए हैं.

एक फैन ने कमेंट करते हुए कहा आपको तो इस अवतार में पहचान पाना भी काफी मुश्किल है. तो वहीं दूसरे फैन ने कमेंट करते हुए कहा आपने तो बॉलीवुड को भी फेल कर दिया. बता दें कि मल्लिका सिंह कई सीरियल में काम कर चुकी हैं. वे जय कन्हैया लाल की, अ सूटेबल बॉय, जांबाज सिंदबाद जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं. वहीं अब फैन्स उन्हें एक बार फिर राधा के रूप में देखना चाहते हैं.

## 16 साल बाद फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी शाहिद और करीना की जोड़ी? 'जब वी मेट' के सीक्वल पर लगी मुहर!



करीना कपूर खान और शाहिद कपूर की 'जब वी मेट' बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है. साल 2007 में रिलीज़ हुई यह रोमांटिक-कॉमेडी ब्लॉकबस्टर रही थी और आज भी ये फिल्म लोगों के दिलों पर राज करती है. फैंस अक्सर इस फिल्म के सीक्वल की मांग करते रहते हैं और फाइनली फैंस की ये ख्वाहिश पूरी होती नजर आ रही है. एक रिपोर्ट के मुताबिक 'जब वी मेट' के सीक्वल की आने की तैयारी हो रही है. रिपोर्ट के मुताबिक कथित तौर पर 'जब वी मेट' के सीक्वल राज मेहता द्वारा गांधार फिल्म्स बैनर के तहत प्रोड्यूस किया जाएगा, रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के सीक्वल वर्जन का निर्देशन इम्तियाज अली करेंगे उन्होंने 'जब वी मेट' का भी डायरेक्शन किया था. हालांकि मेकर्स की ओर से अभी तक 'जब वी मेट 2' के बारे में कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है. 'जब वी मेट 2' के आने की खबरों के साथ ही ये भी चर्चा शुरू हो गई है कि क्या फिल्म की स्टार कास्ट करीना कपूर खान और शाहिद कपूर फिर से इसके पार्ट 2 के लिए भी एक साथ आएंगे और गीत और आदित्य के रूप में अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे. इसी के साथ बता दें कि फिल्म के सीक्वल के बारे में अफवाहें इंटरनेट पर तब फैलनी शुरू हुईं जब शाहिद कपूर ने इसकी संभावना के बारे में थोड़ा हिंट दिया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, वैलेंटाइन डे पर एक्टर के एक फैन ने उनसे इम्तियाज अली के साथ लगातार बातचीत के बारे में पूछा।

## विक्की कौशल की द ग्रेट इंडियन फैमिली का गाना साहिबा जारी

### अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे बोल




विक्की कौशल ने सिनेमा की दुनिया में हर तरह का किरदार निभाया है, फिर चाहे वह कॉमेडी हो या फिर गंभीर। आखिरी बार अभिनेता को फिल्म जरा हटके जरा बचके में सारा अली खान के साथ देखा गया था। इसके अलावा हाल ही में विक्की कौशल को सरदार उधम के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है। अब विक्की कौशल एकबार फिर से लोगों के हंसाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अभिनेता की आने वाली फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली का साहिबा रिलीज हो गया है और इंटरनेट पर तेजी से वायरल भी हो रहा है। गौरतलब है कि फिल्म का ट्रेलर और पहला गाना कन्हैया ट्विटर पे आजा पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। अब निर्माताओं ने साहिबा नाम से एक नया गाना जारी किया है, जो फिल्म की मुख्य जोड़ी पर आधारित एक हिट वीडियो है।

## जवान ने 9वें दिन फिर तोड़ा पठान और गदर 2 का रिकॉर्ड, सबसे तेजी से 400 करोड़ का आंकड़ा किया पार



शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर तूफान बनी हुई है. फिल्म अपने ओपनिंग डे से ही शानदार कारोबार कर रही है और अपने नाम कई रिकॉर्ड भी कर रही है. जहां फिल्म ने सबसे बड़ी ओपनर का रिकॉर्ड बनाया तो वहीं अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले संडे को फिल्म ने सिंगल डे पर 80 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थी. हालांकि वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई बावजूद इसके 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है. रिलीज के 9वें दिन तो फिल्म ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. चलिए यहां जानते हैं 'जवान' ने रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितने करोड़ की कमाई की है? 'जवान' जब से सिनेमाघरों में पहुंची है तब से इसका नशा लोगों के सिर चढ़ा हुआ है. शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं. यहां तक की वीकडेज में भी फिल्म ने बंपर कमाई कर इतिहास रच दिया है. 75 करोड़ से ओपनिंग करने वाली 'जवान' वर्किंग डेज में भी 20 करोड़ तक कमाई कर रही है जो बेहद शानदार आंकड़ा है. वहीं अब शाहरुख खान स्टारर फिल्म के रिलीज के 9वेंदिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 'जवान' ने रिलीज के 9वें दिन 20 करोड़ का कारोबार किया है. इसी के साथ 'जवान' की 9 दिनों की कुल कमाई अब 409.88 करोड़ रुपये हो गई है. 'जवान' अब बॉक्स ऑफिस पर सबसे तेजी से 400 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली फिल्मों में से एक है. फिल्म ने केवल 9 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर ये मील का पत्थर पार कर लिया है।

# खेल




## 8वीं बार एशिया कप चैम्पियन बना भारत

### श्रीलंका को 10 विकेट से फाइनल हराया; सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट लिए

कोलंबो। टीम इंडिया ने 8वीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत ने रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया। यह मैच खत्म होते वक्त बची हुई गेंदों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत है। टीम ने 263 गेंद बाकी रहते जीत हासिल कर ली। इससे पहले, टीम इंडिया ने केन्या को 2001 में 231 गेंद रहते हराया था।

फाइनल मैच में श्रीलंकाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 15.2 ओवर में 50 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में टीम इंडिया ने 6.1 ओवर में 51 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। साथ ही भारत ने सबसे कम गेंद खेल कर टारगेट चेज करने का अपना रिकॉर्ड भी सुधारा है। टीम इंडिया बल्लेबाजी में सिर्फ 37 गेंद खेलकर मैच जीत गई। पिछला रिकॉर्ड 69 बॉल का था। भारत ने 2001 में केन्या को इतनी गेंदें खेलकर हराया था।

एशिया कप ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया। भारत ने 5 साल बाद एशिया कप जीता है। इससे पहले 2018 में UAE में टीम को जीत मिली थी।

एशिया कप ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया। भारत ने 5 साल बाद एशिया कप जीता है। इससे पहले 2018 में UAE में टीम को जीत मिली थी।




### सिराज ने ग्राउंड स्टाफ को डोनेट की इनामी राशि

मोहम्मद सिराज को प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया, इसके लिए उन्हें 5 हजार डॉलर (करीब 4 लाख रुपए) की इनामी राशि मिली। सिराज ने यह रकम ग्राउंड्स स्टाफ की टीम को डोनेट कर दी।

एशियन क्रिकेट काउंसिल ने भी ग्राउंड स्टाफ को 50 हजार डॉलर (करीब 40 लाख रुपए) दिए। एशिया कप के अधिकांश मुकाबले बारिश से प्रभावित रहे और ग्राउंड्स स्टाफ ने कड़ी मेहनत की।

### 5 साल बाद भारतीय टीम ने जीती कोई ट्रॉफी

***भारतीय टीम ने 5 साल बाद कोई ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले, टीम इंडिया ने 2018 में वनडे एशिया कप जीता था। तब भी रोहित शर्मा भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे थे।***

## 10वीं बार 10 विकेट से जीता भारत

### इंटरनेशनल फाइनल का लोएस्ट स्कोर, सिराज ने सबसे तेज 5 विकेट झटके; एशिया कप फाइनल के 15 रिकॉर्ड्स




**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर 8वीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गई। ये भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे छोटा वनडे स्कोर है। मोहम्मद सिराज ने महज 21 रन देकर 6 विकेट लिए। एशिया कप फाइनल में किसी भी प्लेयर का ये बेस्ट बॉलिंग फिगर है। सिराज ने एक ही ओवर में 4 विकेट भी लिए। वह एक ही ओवर में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने। मोहम्मद सिराज ने 7 ओवर में 21 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने एक ओवर मेडन भी फेंका। एशिया कप इतिहास में ये किसी भी भारतीय की बेस्ट बॉलिंग है। उनसे पहले ऑफ स्पिनर अरशद अय्यूब ने 1988 में पाकिस्तान के खिलाफ 21 रन देकर 5 विकेट लिए थे। चाइनामैन बॉलर कुलदीप यादव ने भी इसी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 25 रन देकर 5 विकेट लिए थे। मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ बेस्ट बॉलिंग का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पाकिस्तान के वकार यूनुस का रिकॉर्ड तोड़ा। वकार ने 1990 में शारजाह के मैदान पर 26 रन देकर 6 विकेट लिए थे। सिराज श्रीलंका के खिलाफ 6 विकेट लेने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले आशीष नेहरा ने 2005 में 59 रन देकर 6 विकेट लिए थे। उन्होंने ये प्रदर्शन इंडियन ऑयल कप के फाइनल में कोलंबो के मैदान पर किया था।

## साउथ अफ्रीका ने 122 रन से जीता पांचवां वनडे

### ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से सीरीज हराई; वनडे रैंकिंग में नंबर-1 टीम बनी पाकिस्तान



**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांचवां वनडे 122 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 5 वनडे की सीरीज भी 3-2 के अंतर से जीत ली। जोहान्सबर्ग में पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 9 विकेट पर 315 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया टीम 34.1 ओवर में 193 रन ही बना सकी।

47 रन बनाने के साथ 5 विकेट लेने वाले मार्को यानसेन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं 5 मैचों में 225 रन बनाने वाले ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-2 से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया को ICC की वनडे रैंकिंग में नुकसान हुआ। सीरीज से पहले नंबर-1 पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया नंबर-3 पर पहुंच गया। एशिया कप चैम्पियन भारत नंबर-2 पर आ गया, वहीं एशिया कप में 2 मैच हारने वाला पाकिस्तान नंबर-1 पर पहुंच गया है। साउथ अफ्रीका ने वनडे सीरीज 3-2 से जीती। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती थी। ऑस्ट्रेलिया अब 22 सितंबर से भारत में 3 वनडे की सीरीज खेलेगा। जबकि साउथ अफ्रीका अब सीधे वनडे वर्ल्ड कप में ही उतरेगा।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 3 रन पर ही कप्तान तेम्बा बावुमा का विकेट गंवा दिया। बावुमा अपना खाता भी नहीं खोल सके। उनके बाद क्विंटन डी कॉक भी 27 रन बनाकर नाथन एलिस का शिकार हो गए। रासी वान डर डसन ने ऐडन मार्करम के साथ 43 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन 30 रन बनाकर वान डर डसन भी आउट हो गए।

### एक नजर

## एशिया कप के 12 मोमेंट्स, जो हमेशा याद रहेंगे

### बॉल डालकर बाउंड्री बचाने खुद दौड़ पड़े सिराज, बुमराह को शाहीन का स्पेशल गिफ्ट



**कोलंबो।** एशिया कप का 16वां सीजन भारतीय फैंस के लिए यादगार रहा। पाकिस्तान की मेजबानी में श्रीलंका में भी खेले गए इस टूर्नामेंट के दौरान कई खुशनुमा लम्हे देखने को मिले। जैसे- भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ी गर्मजोशी से मिले, शाहीन शाह अफरीदी ने जसप्रीत बुमराह को पिता बनने पर स्पेशल गिफ्ट दिया। साथ ही पाकिस्तानी ओपनर फखर जमान ग्राउंड स्टाफ की मदद करते नजर आए। 2 सितंबर को भारत-पाकिस्तान लीग मैच से पहले दोनों टीमों के क्रिकेटर आपस में गर्मजोशी से मिलते दिखे। भारतीय बैटर कोहली पाकिस्तान के हारिस रऊफ, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और ऑलराउंडर शादाब खान से हाथ मिलाकर गले मिलते नजर आए। दूसरी ओर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पाकिस्तानी कैप्टन बाबर आजम से हाथ मिलाते हुए उनका हालचाल जाना। मोहम्मद सिराज और हारिस रऊफ भी बातचीत करते दिखे। भारत-पाकिस्तान सुपर-4 मैच से पहले भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह पिता बने। इस पर बुमराह को पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने एक गिफ्ट दिया। अफरीदी ने पूरी पाकिस्तान टीम की ओर से बुमराह को बधाई दी।

## मिशन वर्ल्ड कप के लिए तैयार है टीम इंडिया

### 6 फैक्टर्स भारत को बना रहे वर्ल्ड चैंपियन बनने का मजबूत दावेदार




टीम इंडिया मिशन वनडे वर्ल्ड कप के लिए तैयार है। भारत ने एशिया कप जीतकर सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए अपने इरादे साफ कर दिए हैं। इस टूर्नामेंट में मैनेजमेंट में उन सवालों के जवाब तलाशे जो टीम को लम्बे समय से परेशान कर रहे थे। टॉप ऑर्डर फॉर्म में हैं, नंबर-4 और मिडिल ऑर्डर पोजिशन पर केएल राहुल, ईशान किशन के साथ श्रेयस अय्यर भी तैयार हैं। गेंदबाज पावरप्ले के साथ मिडिल ओवर्स में भी विकेट ले रहे हैं। टीम ने नॉकआउट स्टेज में चोक होने के सिलसिले को भी तोड़ दिया है। एशिया कप से पहले बड़ा सवाल था कि जसप्रीत बुमराह इंजरी के बाद खुद को साबित कर पाएंगे या नहीं। मोहम्मद सिराज कहीं अकेले तो नहीं पड़ जाएंगे।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

# कोरबा जयसिंह की जय हुई तो होंगे मुख्यमंत्री पद के दावेदार

## लखन जीते तो कोरबा विधान सभा सीट से भाजपा के होंगे पहले विधायक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ में विधान सभा चुनाव ज्यों-ज्यों नजदीक आते जा रहे हैं त्यों त्यों घोषित हो चुके प्रत्याशियों और अघोषित प्रत्याशियों की धड़कनें तेज होती जा रही हैं और नेताओं व जनता में अबकी बार किसकी होगी सरकार और कौन होगा मुख्यमंत्री को लेकर समीकरण और चर्चाओं का दौरा चालू हो चुका है। एक ओर जहां कांग्रेस में टीएस सिंहदेव के समर्थक ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद के वादे और दावे को भूल नहीं पा रहे हैं, जबकि टीएस बाबा को चुनाव के महज कुछ माह पहले छत्तीसगढ़ का डिप्टी सीएम बना दिया गया है, और कांग्रेस की ओर से स्थिति सामान्य बताई जा रही है और दावा किया जा रहा है कि छत्तीसगढ़िया वाद की सोच रखने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगवाई में पुन: दूसरी बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बन रही है ।

वही भाजपा में मुख्यमंत्री पद के लिए डॉ रमन सिंह का चेहरा लोग भूल नहीं पा रहे हैं, लेकिन उनके मंत्रिमंडल के वह चेहरे जिन्हें 15 वर्षों तक बार-बार रिपीट किया गया और 2018 के विधानसभा चुनाव में डॉ रमन सिंह के हार का कारण बने, हालांकि



### कोरबा विधानसभा में प्रदेश भर के पक्ष विपक्ष नेताओं की टिकी निगाहें

भाजपा में अभी मुख्यमंत्री के लिए कोई चेहरा सामने नहीं लाया गया है, जिसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और अब तक भाजपा की ओर से रमन का ही चेहरा माना जा रहा है ।

### भाजपा प्रत्याशी जीते तो लखन होंगे कोरबा विधानसभा के पहले भाजपा विधायक

वही कोरबा विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो इस बार 2023 में संपन्न होने वाले विधानसभा चुनाव में कोरबा विधानसभा में प्रदेश भर के पक्ष विपक्ष नेताओं की नज़रें टिकी हुई है जहां भाजपा ने लखन लाल देवांगन को कोरबा विधानसभा से भाजपा का प्रत्याशी बनाया है, जो पूर्व में कोरबा नगर पालिक निगम के महापौर रह चुके हैं जिनकी गिनती सीधे-साधे और मिलनसार व्यक्तियों में की जाती है, अगर यह कोरबा विधानसभा से अबकी बार जीत हासिल करते हैं तो कोरबा विधानसभा सीट से भाजपा के पहले विधायक होंगे, और अगर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है तो सरकार में एक अहम भूमिका में नजर आ सकते हैं,

### *अबकी बार जय की जय हुई तो होंगे मुख्यमंत्री के दावेदार

कोरबा सीट के राजनीतिक इतिहास पर गौर करें तो 2008 से अस्तित्व में आई सीट पर कांग्रेस का शुरू से ही कब्जा बरकरार है. 2008 के बाद 2013 और 2018 के चुनाव में भी कांग्रेस को जीत मिली. पिछले 15 वर्षों से कोरबा विधानसभा सीट पर जीत हासिल करते हुए आए जयसिंह अग्रवाल का क्षेत्र में दबदबा रहा, और जिनकी पहचान पूंजी पत्तियों और दबंग नेताओं में की जाती है जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ कि कांग्रेस सरकार में राजस्व मंत्री हैं, हालांकि कोरबा विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है लेकिन माना जा रहा है कि कोरबा विधानसभा सीट से पुन: चौथी बार कांग्रेस पार्टी जयसिंह अग्रवाल को अपना प्रत्याशी बनाएगी और मैदान में उतारेगी, अगर ऐसा हुआ और चौथी बार जयसिंह अग्रवाल कोरबा विधानसभा से जीत हासिल करते हैं और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदारों में से एक होंगे, क्योंकि कोरबा विधानसभा बनने के पहले कटघोरा विधानसभा सीट से 2003 में जय सिंह ने जीत हासिल की थी इस तरह वह अब पांचवीं बार विधायक बनेंगे जिसमें कटघोरा विधानसभा से पहली बार और कोरबा विधानसभा से अगर इस बार जीते तो चौथी बार कोरबा विधानसभा के विधायक बनेंगे तो मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदारों में से एक होंगे यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी में खासकर कोरबा विधानसभा की टिकट को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है हालांकि कांग्रेस के द्वारा मंत्रियों के टिकट नहीं काटने की घोषणा भी की जा चुकी है, जिससे मंत्री जयसिंह अग्रवाल की टिकट फाइनल मानी जा रही है और घोषणा होना बाकी है ।

### *2023 विधानसभा चुनाव : कोरबा विधानसभा में मुकाबला होगा दिलचस्प

अगर कांग्रेस पार्टी जयसिंह अग्रवाल को चौथी बार कोरबा विधानसभा सीट से प्रत्याशी उतरती है तो कोरबा विधानसभा में चुनाव दिलचस्प रहने वाला है, एक ओर जहां भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन की छवि लोकल एवं छत्तीसगढ़िया नेता की बनी हुई है और वह सादगी और सज्जनता के दम पर जनता के बीच जाएंगे वही अगर कांग्रेस पार्टी से कोरबा विधानसभा सीट से जयसिंह अग्रवाल को प्रत्याशी घोषित करती है तो भाजपा प्रत्याशी के उलट उनकी छवि दबंग नेता एवं पूंजीपतियों में की जाती है जिससे उनके मध्य धनबल बाहुबल और सत्ता बल की ताकत के मध्यस्थ दोनों पार्टियों के चुनाव संपन्न होंगे, वही इस बार के चुनाव में कोरबा विधानसभा से प्रत्याशी घोषित हो चुके आम आदमी पार्टी के विशाल केलकर भी दोनों पार्टियों के समीकरणों का संतुलन बिगड़ेंगे, इसके अलावा लोकलवाद के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की भी राजनीति में एंट्री की सुगबुगाहट हैं, जबकि पहले से स्थानीय और आदिवासियों के मामले को प्रमुखता से उठाने वाली गोंडवाना गण तन्त्र पार्टी मौजूद है ।

### *कोरबा विधानसभा में 2018 के चुनाव में प्रत्याशियों को मिले वोट

*2018 के विधानसभा चुनाव में कोरबा सीट पर 21 उम्मीदवारों ने अपनी चुनौती पेश की थी, जिसमें मुकाबला त्रिकोणीय रहा था. कांग्रेस के जयसिंह अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के विकास महतो और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के राम सिंह अग्रवाल के बीच रहा. जयसिंह को 70,119 वोट मिले तो विकास महतो के खाते में 58,313 वोट आए. इस प्रकार जीत का अंतर 11806 वोटो से रहा था।*

# भाजपा द्वारा चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव का किया गया पुतलाना दहन



जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ति।

गली गली सोर है, रामकुमार यादव चोर है। नारा लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव का पुतला दहन कार्यक्रम डभरा थाना के पास किया गाय। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, छत्तीसगढ़ प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संयोगिता सिंह जूदेव , भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोकेश साहू उपस्थित रहे। पुतला दहन के संबंध में जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि विधायक रामकुमार यादव का जो वीडियो वायरल हुआ है। क्षेत्र की जनता जानना चाहती है कि वह पैसा किसका है, उनके साथ और कौन कौन है। विधायक जी सही सही जवाब दें, बेतुकी से जवाब देने से काम नही चलेगा। भारतीय जनता पार्टी इसके विरोध में विधायक रामकुमार यादव का पुतला दहन किया है। भाजपा मांग करती है कि रामकुमार यादव अपने विधायक पद से इस्तीफा दे।

संयोगिता सिंह जूदेव ने कहा भारतीय जनता पार्टी पहले से ही जनता से कहते आ रही थी कि कांग्रेस की सरकार में प्रदेश व क्षेत्र में भ्रष्टाचार, घुसखोरी, दलाली जमकर किया जा रहा है, जिसकी पुष्टि विधायक का नोटो के गड्डी के साथ दिखना से हो गई है। इस संबंध में विधायक ने जो सफाई दिया कि एरोप्लेन के सामने फोटो खींचा लेने से एरोप्लेन उनका नहीं हो जाता पर उनको एरोरप्लेन की जानकारी तो होगी। इसी प्रकार सामने पड़े नोट वह भी लाखों रुपए तो निश्चित रूप से विधायक को नोटों के बारे में सभी जानकारी है और आम जनता को उसके बारे बताना पड़ेगा।

लोकेश साहू ने कहा निश्चित रूप से रामकुमार यादव अपने घूसखोरी, भ्रष्टाचारी उजागर हो जाने की डर से पैसे के बारे में नहीं बता रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि विधायक नोट की गाड़ी के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी आम जनता को दे और नहीं दे सकते तो तत्काल अपने पद से उनको इस्तीफा देना चाहिए। इस अवसर पर खरसिया विधानसभा प्रभारी दिनेश गवेल, घासीराम अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सदस्य उपस्थित रहे।

# जो मनुष्य एक सच्चा सनातनी होगा वो कभी भी अपने माँ-बाप एवं धर्म का अपमान नहीं करेगा - देवकीनंदन महाराज

## एममनुष्य को ऐसी वाणी बोलनी चाहिए जिससे भगवान प्रसन्न हो

जोहार छत्तीसगढ़ - कोरबा।



पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के सानिध्य में 16 से 22 सितंबर 2023 तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन - स्टेडियम ग्राउंड, हाईस्कूल परिसर, गोकुल धाम के पास कटघोरा, छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भक्तों को %मुझे ऐसी लगन तू लगा दे, मैं तेरे बिना पल ना रहूं% भजन का श्रवण कराया। तत्पश्चात उन्होंने प्रवचन शुरू करते हुए कहा कि मृत्यु को सुधारने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। इसलिए भगवान ने जो मनुष्य को दिया है उसका सदुपयोग करना चाहिए। अगर मनुष्य को भगवान की प्राप्ति हो गयी एवं मनुष्य जीवन का उद्देश्य प्राप्त हो गया तो ये मनुष्य के लिए सबसे बड़ी प्राप्ति होती है, इसलिए मनुष्य को हमेशा भगवान को मनाने का प्रयास करते रहना चाहिए।

जो बहु अपने सास-ससुर की सेवा करती है वो असल रूप में देवी होती है क्यूंकि ऐसी स्त्री देवताओं की नज़रों में भी पूजनीय हो जाती है।

माँ -पाप का कर्ज कोई नहीं उतार सकता है क्यूंकि माँ-बाप अपनी सारी पूंजी अपनी संतान के पालन पोषण में लगा देतें हैं।

जो मनुष्य एक सच्चा सनातनी होगा वो कभी भी अपने माँ-बाप एवं धर्म का अपमान नहीं करेगा। मनुष्य जो जीवन भर करता है उसमे ही मन लगाकर रखता है इसलिए मनुष्य मृत्यु से डरता है। वैष्णव धर्म के अनुसार हमें भगवान की पूजा करनी चाहिए और सब से ज्यादा ताकत हमारे गुरु द्वारा दिए हुए मंत्र में होती है। मंत्र लेने के बाद जाप ना करना मनुष्य के लिए नर्क के दरवाजे खोलना होता है। हमें मंत्र का जाप करना चाहिए क्योकि उससे बड़ी सम्पत्ति कोई और नहीं होती है। व्यक्ति को हमेशा अपने लोभ, मोह, इर्षा, क्रोध,काम, बुरी आदतों का त्याग करना चाहिए।

इस संसार में जितने भी जीव-जन्तु है वो सब जन्म से सनातनी ही हैं।

## एक नजर

### संयुक्त संचालक आदित्य ने स्कूलों का निरीक्षण कर बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा बिलासपुर आर पी आदित्य ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के स्कूलों का निरीक्षण किया। स्कूल में पाए गए अनियमित साफ -सफ ाई, अनुपस्थित कर्मचारी, लेखा संधारण आदि के संबंध में अधिकारियों कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। संयुक्त संचालक आदित्य ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक ली और स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधियों कार्यक्रमों अभियान शिक्षा के आगामी चरणों के संबंध में चर्चा की। जिले में संचालित शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी मध्य विद्यालयों के संचालन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही साथ खेद जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे जिले की रिकॉर्ड जानकारी उच्च कार्यालय को समय पर नहीं मिल पा रही है इसलिए सभी बीईओ जानकारी शीघ्र प्रदान करें। संयुक्त संचालक आदित्य एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भृत्य एवं सहायक ग्रेड तीन के पदों की पदोन्नति के लिए कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी को ज्ञापन सौंपा। आदित्य ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि वह भृत्य की पदोन्नति के आदेश जारी करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, सभी बीईओ, प्राचार्य, समन्वयक आदि उपस्थित थे।

### धान बेचने हेतु नये और पुराने पंजीकृत किसानों का पोर्टल में नॉमिनी कराना अनिवार्य

* वेबसाइट किसान डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन एकीकृत कृषक पोर्टल में कर सकते हैं पंजीयन
* पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

राज्य सरकार के मंड़ियों में धान बेचने ऊपार्जन, हेतु राज्य सरकार के वेबसाईट किसान डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन एकीकृत कृषक पोर्टल, में पंजीयन कार्य प्रारंभ हो गया है। साथ ही पहले से पंजीकृत किसानों को धान बेचने हेतु इस वर्ष 2023.24 में धान पंजीयन के नॉमिनी नामांकन कर कैरी फ ारवर्ड करवाना अनिवार्य है क्योंकि धान बेचने हेतु आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अपनाया जाएगा। जिसके लिए पंजीयन नॉमिनी रखना अनिवार्य है। इसलिए सभी किसान अपना पंजीयन फॉर्म तैयार कर अंतिम तिथि से पूर्व अपने धान ऊपार्जन केन्द्र या सहकारी समिति केन्द्र के माध्यम से पंजीयन करा लें। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है। इससे किसानों को यह फायदा होगा कि किसान यदि धान बेचने आने में असमर्थ है तो उसके द्वारा भरा गया नॉमिनी, जिसके अंतर्गत पत्नी, पुत्र-पुत्री आदि मंडियों या सहकारी समिति केन्द्रों में धान बेच सकते हैं। इसी प्रकार ऐसे किसान जिन्होंने जमीन खरीदी या बिक्री की है। वो भी इस पोर्टल में कृषि भूमि रकबा का सुधार करवा सकते हैं। कैरी फारवर्ड या पंजीयन हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने के लिए निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता है। उनमें आधार कार्ड आवेदनकर्ता कृषक, नॉमिनी का आधार कार्ड किसान द्वारा नामित व्यक्ति, ऋ ण पुस्तिका भू-स्वामी पर्ची, बी-1,भू.स्वामी विवरण, बी-2 खसरा पांचसाला खण्ड-2 फ सल विवरण, बैंक पासबुक की छायाप्रति केवल आवेदनकर्ता कृषक एवं स्वघोषणा पत्र केवल संयुक्त भू-स्वामी हेतु शामिल है।

### गार्डन के पास खड़ी मोपेड पार

**रायपुर** । कटोरातालाब उद्यान के पास खड़ी सुजूकी एक्सेस मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रोशनी शर्मा 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सुजूकी एक्सेस क्रमांक सीजी 04 एलएम 1213 को कटोरातालाब उद्यान के पास खड़ी की थी, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बेलगहना पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक और अन्य के खिलाफ हुई एसपी आईजी के पास शिकायत

## शिकायत की प्रतिलिपि गृहमंत्री तक को प्रेषित

जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।




बेलगहना चौकी के प्रधान आरक्षक ने चोरी के शक में अपने स्टॉफ के साथ कस्बे के युवक को पकड़ा और चोरी के सक मे उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। इस बात की शिकायत पीड़ित ने जिला मुख्यालय पहुंचकर ह्वत्र एसपी से की है। एसपी ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई करने का अश्वासन दिया है। बेलगहना चौकी क्षेत्र में कस्बे के बेलगहना मुहल्ले सोनू श्रीवास पिता मूलचंद निवासी बेलगहना उम्र 35 वर्ष ने एसपी को शिकायती आवेदन सौंपते हुए बताया कि उसके गांव में 15 सितंबर को रात्रि मे अपने परिचित व्यक्ति कृष्ण ध्रुव के पुत्र के जन्म दिवस मनाने उसके घर गया था वहां से जन्मदिन दिवस मना कर अपने घर पैदल आ रहा था की प्रदीप अग्रवाल के हार्डवेयर दुकान के पास पहुंचा ही था की तभी चौकी की चार पहिया वाहन मेरे सामने आकर खड़ी हुई उसमें सवार पुलिसकर्मी मुझसे पूछे की कहाँ जा रहे हो तो मैंने बताया की मैं अपने परिचित व्यक्ति के पुत्र के जन्मदिन मना कर अपने घर लौट रहा हूं उसके बाद भी मुंशी रूद्र तिवारी ने मुझसे यही बात कई बार पूछा इस पर मेरा एक ही जवाब था जन्मदिन मना के आ रहा हु

मेरे झूठ बोल रहा है चोरी करने के लिए घूम रहा बोल के प्रधान आरक्षक रूद्र तिवारी और साथ मे पुलिस कर्मियों ने लात,घूंसों और डंडों से मारपीट की इस घटना से बेलगहना चौकी क्षेत्र के लोगों में पुलिस की दबंगई के चलते,निर्दोष ग्रामीणों पे पुलिसिया मनमानी करने को लेकर आक्रोश है। सामाजिक कार्यकर्ता सचिन साहू ने चर्चा के दौरान कहा जनता के हित के लिए काम करने वाली पुलिस अगर जनता की खाल खींचने पर उतारू हो जाए तो विरोध शुरु हो ही जाता है क्षेत्र में इस बात को लेकर आक्रोश तो है ही और उचित प्रशासनिक कार्यवाही न होने पर हम आंदोलन करने बाध्य होंगे, वहीं कृषि उपज मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा है की वर्तमान सरकार मे किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे अगर युवक की शिकायत सही है तो कार्यवाही भी होगी और न्याय भी होगा।

# जरूरत मंद को नहीं मिल रहा आवास का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।



सरकार की महती योजना पीएम आवास को सरकार देश के गरीब परिवार को पक्का मकान बनाकर देने के उद्देश्य से शुरू किया था ताकि आर्थिक स्थिति को सुधार हो सके मगर बहुत से लोग इस योजना के पात्र नहीं है फिर भी आवेदन देते है सरकार भले ही गांव के विकास के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही हो लेकिन कहीं न कहीं अधिकारी और कर्मचारी एवं अन्य जिम्मेदार लोगों की मनमानी के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जिसकी शिकायत पूर्व में कलेक्टर जनदर्शन में किया गया था अभी वर्तमान में 15सितंबर 23 को जनपद पंचायत सिमगा जिला बलौदा बाजार के आदेश क्रमंक 1394 विषेश ग्राम सभा का आयोजन किया गया था ग्राम सभा के अधिकृत सिमगा के सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण करा रोपण अधिकारी दुर्गेश साहू का नियुक्त किया गया था परंतु वे मौजूद नही हुए विषेश ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास में आए हुऐ सूची को अनुमोदन, आर्थिक सर्वेक्षण एवम पात्र अपात्र को परीक्षण करना था परंतु ग्राम सभा में इस तरह की कोई कार्यवाही नहीं हुई बल्की और ग्रामीणों ने लगभग 350 आवेदन आवास के लिए दिए जिसमे अधिकांश अपात्र लोग शामिल है जिनके पास पर्याप्त जमीन है। चार पहिया वाहन और पक्के मकान हैं। अपात्र लोगो के आवेदन करने से जो परिवार गरीब पात्र हितग्राही है वे सरकार के योजना के लाभ से वंचित हो जाते है और सरकारी दफ़्तर के चक्कर काटते रहते है वही अमीर प्रभाव शाली लोगो की बल्ले बल्ले हो रही है चार पहिया वाहन,गाड़ी,मकान होते हुए भी गरीब बने हुए है पंचायत के आवास से संबंधित ,कर्मचारी,अधिकारी,सर्वे कर्ता बिएलो लोगो की अनियमितता के कारण,गरीब पात्र लोग लाभ से वंचित है अपात्र लोग एक मकान में रहने के बौजुद पति पत्नी,पुत्र भाई,के द्वारा एक ही परिवार से चार चार आवेदन किए है जबकि बेघर लोगो को प्रधान मंत्री आवास दिया जाता है लेकिन यहा अपात्रों को लाभ मिल रहा है इसके पहले भी ग्राम पंचायत में अपात्र लोगो को लाभ मिला और साथ ही अपना स्वय का जगह होते हुए भी शासकीय जगह में आवास बनाया गया है जिसकी जानकारी पंचायत को नही है जबकि आवास अपने झोपड़ पट्टी कच्चे मकान को तोड़कर बनाना आवास बनाने का नियम है जिससे गरीब परिवार के सिर पर पक्की छत हो सके उसी तरह ग्राम पंचायत हथबंध में शोचालय में अनिमियत्ता ग्राम सभा में 100 से अधिक आवेदन शौचालय के प्राप्त हुए जबकि ग्राम हथबंध पूर्व कार्यकाल सन 19 20 में ओडीफ हो चुका है जबकि कई पंचायतों में 100से अधिक आवेदन किए गए है जो संदेह के दायरे में है ऐसे पंचायतो में आवेदन करने वाले लाभार्थियों की जांच व सत्यापन किया जाना चाहिए ऐसा न हो की इनके द्वारा अनुदान पाने के लिए आवेदन किया गया है उक्त संबंध में जनपद पंचायत सिमगा सीईओ अमित तिवारी ने कहा शासन के योजना के तहत हितग्राही अपने स्वय की भूमि या कच्चे मकान का जियो टेक कराकर आवास बनाए किसी शासकीय जगह में नही भूमिहीन निराधार के लिए पंचायत निर्णय ले सकती है।

# पांच के पहाड़े का आंकलन अपने पिछले प्रदर्शन में करें भाजपाई-तिवारी

## बदलबो का नारा सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि भाजपाई दावेदारों से संदर्भित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बीजेपी के नेताओं की राजनैतिक गणना उनके अपने समझ में नहीं आ रही और पांच के पहाड़े रटकर सार्वजनिक मंचों से कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के समयकाल की भविष्यवाणी करते नेता ना तो अपना गणित दुरुस्त कर रहे और ना ही पांच के टेबल में अपने पिछले 15 साल का आंकलन कर पा रहे जिसके बाद जनता ने उन्हें 13 पर लाकर छोड़ दिया था। कांग्रेस के प्रचंड जनाधार से अपनी सियासी जमीन खो चुके बीजेपी नेता इन 5 सालों में सशक्त विपक्ष की भूमिका भी नहीं निभा सके। अब चुनाव में केवल और केवल प्रधानमंत्री मोदी की पूंछ थामकर छग में विधानसभा चुनाव की वैतरणी पार करने की निरर्थक गुंजाईश तलाश रहे हैं। उक्त बयान जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने भाजपा के कथित फ ायर ब्रांड व स्वयंभू यूथ आईकॉन नेता के उस अंकगणित के जवाब में दिये हैं जो वे हर मंच पर कांग्रेस के सियासी वनवास की भविष्यवाणी करते हुए देते फि र रहे हैं। तिवारी ने कहा कि पांच के पहाड़े में पारंगत भाजपा के नेता बारंबार ये कहते सुने जा रहे हैं कि छग में कांग्रेस पहले तीन साल के लिए आई और 15 साल के लिए बाहर हो गई और अब पांच साल के बाद 25 साल के लिए सत्ता से दूर हो जाएगी। जबकि ऐसे नेता अपना आंकलन नहीं कर रहे कि आखिर 15 साल तक सत्ता में रहने के बाद उनकी संख्या 15 भी नहीं रह सकी। यह संख्या 2.3 के टेबल मे नहीं आ सकती। हरेराम तिवारी



ने कहा कि आंकड़ों की उलझन भाजपा में नई बात नहीं है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि एक साल के लिए कमीशनखोरी छोड़ दो तो तीस साल सत्ता मे रहोगे। फिर अब पांच के पहाड़े रटे जा रहे हैं। नगर निगम में भाजपा के नेता एक दर्जन कांग्रेस के पार्षदों को अपनी ओर बताकर अविश्वास प्रस्ताव ले आए और कमजोरी साबित कर न सिर्फ पार्टी की भद्द पिटाई बल्कि इस षड्यंत्र में वे अपनी संख्या भी कम कर बैठे। कुल मिलाकर बीजेपी के नेता अपने ही आंकड़ों की बाजीगरी में उलझे हुए हैं। यहां तक कि बीजेपी के कथित यूथ आईकॉन के राजनैतिक विद्वता ने इन 5 सालों में रायगढ़ से लेकर पूरे छग मे किसी भी छोटे बड़े चुनाव और उपचुनाव में भाजपा को कोई बढ़त नहीं दिलाई। इसके बावजूद बीजेपी पार्टी में अपना कद बुलंद रखने मे कामयाब नेता अब कांग्रेस के सत्ता और वनवास की भविष्यवाणी करते फिर रहे हैं। जबकि देश के सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास और प्रगति की प्रदेश में ऐसी लकीर खींच दी है जिसके बराबर तक पंहुचने का माद्दा भाजपा का गुजरात और यूपी बुलडोजर मॉडल भी नहीं कर पा रहा। तिवारी ने कहा कि आगामी चुनाव के लिए छग के जो नेता बदलबो का नारा लेकर हताश केन्द्रीय नेताओं के प्यादों के मानिंद अपनी सियासत सरका रहे हैं। उन केन्द्रीय नेताओं ने भाजपा के ही चुनावी चेहरों को बदलना शुरु कर दिया है। पीसीसी प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने कहा कि छग के खनिज सम्पदा की लूट की छूट के लिए जनता का समर्थन और सत्ता परिवर्तन के नाम पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की सभायें हो रही हैं जबकि असल उद्देश्य विकास के नाम पर पूंजीवादी व्यवस्था को फिर से कायम करना है। तिवारी ने कहा कि मीडिया और अन्य ऐजेंसियों के आलावा भाजपा के अंदरूनी सर्वे में भी छग में प्रचंड जनादेश के साथ कांग्रेस की सत्ता मे वापसी की खबरों ने दिल्ली के सुल्तानों तक की नींद उड़ा दी है।यही वजह है कि पूंजीपतियों के हाथों पूरा प्रदेश बेचने का इरादा रखने वाले भाजपा सरकार के सबसे पराक्रमी नेता व प्रधानमंत्री अब छग की जनता को अपना परिवार बताकर बरगलाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। लेकिन भूपेश बघेल के नेतृत्व में छग का बदलाव देख चुकी जनता अब ना भाजपा के किसी नेता के झांसे मे आने वाली है और ना ही किसी राज्य के विकास मॉडल के सब्जबाग में फंसने वाली। बल्कि जहां तक भाजपा के दावेदारों की बात है तो भाजपा में पैराशूट लैंडिंग किए कुछ नेताओं के संदर्भ में उनकी पार्टी भी यह तय नहीं कर पा रही कि वे चुनावी जीत के लिए जरुरी हैं या संगठन की मजबूरी हैं। हरेराम तिवारी ने कहा कि कांग्रेस इस बार 15 पंचे 75 पार का आंकड़ा छूएगी और पांच के टेबल में उलझे बीजेपी की कुल संख्या ही इस बार दहाई तक भी नहीं पंहुच सकेगी।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही 840 किलो महुआ लाहन एवं 50 लीटर महुआ शराब जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन.2023 के मद्देनजर जिले में विशेष अभियान चलाकर आबकारी विभाग को अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही चेकपोस्टों पर अवैध मदिरा परिवहन की सघन निगरानी रखने को कहा है। गौरतलब है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद आबकारी विभाग में तेजी से कार्यवाही का सिलसिला शुरू हो गया है। सहायक आयुक्त आबकारी के मार्गदर्शन में सीमावर्ती क्षेत्रों के जांच चौकियों में सघन तलाशी अभियान और जांच की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल वार्ड बालसमुंद कोढ़ीपारा में 42 डिब्बों में कुल 840 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया। साथ ही झाड़ियों में गड्ढे में छिपाकर जरीकेन और बोतलों में रखा कुल 50 लीटर महुआ शराब लावारिस बरामद किया गया। महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर पंचनामा तैयार किया।

## निर्माण कार्यों में अनियमितता, आरईएस इंजीनियर निलंबित

**कोरबा** । करतला में पदस्थ आरइएस के इंजीनियर अश्विनी कुमार पांडेय को मंत्रालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने निलंबित कर दिया है। बिना जांचे परखे निर्माण संबंधित 16 घटिया कार्यों को बेहतर बताकर अधिकारी ने मूल्यांकन किया था। मामले की शिकायत रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने तीन साल पहले शासन से की थी। जिस पर शासन ने प्रशासन जांच टीम गठित की थी। टीम के सौंपे गए रिपोर्ट के आधार यह निर्णय लिया गया है। लोक हित के कार्यों के लिए जारी की गई राशि का किस तरह दुरूपयों किया जा रहा है यह बात शासन की कार्रवाई के बाद सामने आई है। आरईएस में पदस्थ सब इंजीनियर अश्विनी पांडेय ने बिना किसी निरीक्षण.परीक्षण किए ही एक.दो नहीं, बल्कि 16 निर्माण कार्यों की तकनीकी मंजूरी दे दी। काम जिस स्तर पर हुआ था उसके मुकाबले अधिक मूल्यांकन किया गया है। अनियतिता बरतने का आलम यह था कि स्थल का मुआयना किए बगैर ही इंजीनियर ने कार्यों का मूल्यांकन कर दिया। इंजीनियर अश्वनी पांडेय के खिलाफ पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने वित्तीय अनियमितता की शिकायत कर निलंबित करने की मांग की थी। सेवा उपसंभाग करतला में पदस्थ उप यंत्री पांडेय के खिलाफ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल बिलासपुर ने 26 नवंबर 2020 को जांच समिति गठित की थी।

# डेंगू से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि डेंगू से डरने की जरूरत नहीं है। बल्कि सावधान और जागरूक रह कर इससे बचा जा सकता है।**




एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह दिन में काटता है। पाँच से छह दिन बाद डेंगू के लक्षण नजर आते हैं। उन्होंने जिलेवासियों को डेंगू बीमारी से खुद को बचाने के लिए विभिन्न उपायों का पालन करने की सलाह दी है।

क्या करना चाहिए बारिश के बाद अपने घर के आसपास पानी जमा होने की जांच करें। सभी पानी के कंटेनरों/ओवरहेड टैंकों आदि को ठीक से ढककर रखें। हफ्ते में एक बार घरों, कार्यालयों, कारखानों, स्कूलों आदि में सभी कूलरों और कंटेनरों को साफ कर के सुखाएं। हर हफ्ते फ्रिज की पिछली ट्रे में पानी जमा होने की जांच करें और उन्हें अच्छे से सुखाएं। पक्षियों और जानवरों को खिलाने वाले बर्तन डेंगू का कारण बनने वाले मच्छर के प्रजनन का संभावित स्रोत हैं इसलिए इन्हें स्क्रब से साफ करें और हर हफ्ते पानी बदले। मच्छरों के काटने से बचने के लिए दिन के समय खुले हिस्सों पर मच्छर निरोधक का प्रयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े और लंबे कपड़े व पतलून पहनें जो हाथ और पैरों को ढकें। मच्छरों को दूर रखने के लिए जालीदार दरवाजे व खिड़कियांए मच्छर कॉइल वेपरमैट आदि का उपयोग करें। दिन के समय विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त किसी भी तरीके से डेंगू के मरीजों को मच्छर के काटने से बचाएं। सुनिश्चित करें कि ईमारतों के आसपास के जमीनी क्षेत्रों मेंए छत पर कोई जलजमाव न हो और खुले स्थानो पर कोई टूटा हुआ फ र्नीचर या कबाड़ न हो।

### क्या नहीं करना चाहिए

टूटे हुए मिट्टी के बर्तन, बोतलें, गमले, फूलदान आदि को बाहर या छतों पर इकठ्ठा न होने दें। उपयोग में न होने पर डेजर्ट कूलर में पानी न छोड़ें। फूलों के गमलों के नीचे प्लेटें न रखें। पानी को बिना ढके या ठीक से ढके हुए कंटेनरों और टैंकों में न रखें। घरों, वर्कशॉप गोदामों आदि के बाहर टायर न रखें। नारियल पानी पीने के बाद नारियल के छिलकों को खुले में न फेंके, क्योंकि इन छिलकों में बारिश का पानी जमा हो सकता हैए जिससे मच्छर पनप सकते हैं। गिलास, कप, प्लेट, कुल्हड़ आदि जैसी डिस्पोजेबल वस्तुओं को खुले में न फेंकें क्योंकि इन वस्तुओं में भी पानी जमा होने से मच्छरों के प्रजनन का खतरा हो सकता है। डेंगू बुखार के रोगियों को,स्पिरिन और ब्रूफेन न दें, प्लेटलेट्स बहुत कम होने पर रक्त स्राव हो सकता है इसलिए टेबलेट पेरासिटामोल का उपयोग बुखार और शरीर दर्द के लिए किया जा सकता है।




## एक नजर

### परिवर्तन यात्रा को लेकर धरमजयगढ़ विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

#### कार्यक्रम प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला एवं जिला महामंत्री अरुणधर दीवान का मार्गदर्शन हुआ

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

घरघोड़ा सरस्वती शिशु मंदिर में प्रदेश स्तरीय परिवर्तन यात्रा को लेकर आवश्यक बैठक सम्पन्न हुआ। कल जशपुर से आरंभ इस परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल कर रहे हैं। यह यात्रा 21 सितंबर को दोपहर को कोरबा जिले के तरफ से हाटी होते हुए घरघोड़ा, तमनार, रायगढ़,चपले,बायंग होते हुए सक्ती जिले में प्रवेश करेगी। इस बैठक में को कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन हेतु भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल सिंह भल्ला ने बताया कि इस यात्रा से इस बार आमजनता और कार्यकर्ताओं के संयुक्त प्रयास से भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार दुबारा सत्ता में नहीं आने वाली उनका भ्रष्टाचार आज छत्तीसगढ़ को कई साल पीछे धकेल दिया है, और आम जनता के बीच भूपेश की लोकप्रियता का आलम ये है कि अब जनता उसे भूपेश ना कहकर ठागेश कहने लगी है,यात्रा जब धर्मजयगढ़ के हाटी क्षेत्र से जब रायगढ़ जिले में प्रवेश करे तो इस यात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत किया जाए और इस दौरान कुछ जगह सभाएं भी होगी। आज की इस बैठक में भाजपा जिला महामंत्री अरुणधर दीवान,भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद,भाजपा जिला उपाध्यक्ष आलोक सिंह,नरेश पंडा,जिला मंत्री जनेश्वर मिश्रा,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शिशु सिन्हा,वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह ठाकुर,धर्मजयगढ़ मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव सहित विधानसभा के सभी वरिष्ठ नेता एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023.24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण, 22 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 22 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2023 तक एवं से स्वीकृति लॉक करने 22 सितम्बर से 30 अक्टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात जिला सत्र 2023.24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृति नहीं किए जाएंगे एवं लॉक/स्वीकृति करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: ही जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अत: सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनके द्वारा दर्ज किया गया बैंक खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

### राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु बहादुर बच्चों से नामांकन 15 अक्टूबर तक आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जीवन के लिए जोखिम या शारीरिक चोट के खतरे के सामने सहज निस्वार्थ सेवा का कार्य और या किसी सामाजिक बुराई अपराध के खिलाफ साहस और साहसिक कार्य के लिए भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान की जाती है। देश भर के जिले के ऐसे बालक-बालिका जिनके द्वारा अपनी जान की परवाह किए बगैर दूसरे की जान बचाने हेतु किए गए बहादुरी के अनुकरणीय कार्य से संबंधित नामांकन प्रस्ताव उनके जिला स्तर से आमंत्रित किए गए हैं। 15 अक्टूबर 2023 के पूर्व, भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली को प्रेषित किया जाना है। इस हेतु जिले के राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु पात्रताधारी बालक-बालिका आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों के साथ 15 अक्टूबर 2023 तक वेबसाईट आईसीसीडब्ल्यू डॉट सीओ डॉट इन पद में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदन की एक प्रति संबंधित परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जिला महिला एवं बाल विकास विभाग से जानकारी प्राप्त कर संबंधित को भेजना है। पुरस्कार एवं आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट आईसीसीडब्ल्यू डॉट सीओ डॉट इन में अवलोकन किया जा सकता है। नामांकन निर्धारित आवेदन पत्र में प्राप्त होते हैं जिन्हें वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन की अनुशंसा दो सूचीबद्ध सक्षम प्राधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए।

# सभी देवताओं में प्रथम पूजनीय है गणेशजी-अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

गणेश चतुर्थी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्यौहार है जो भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के दिन यानि आज भारत के विभिन्न भागों में सनातन परंपरा के रूप में मनाया जाता है। इस साल गणेश चतुर्थी उत्सव की शुरुआत आज 19 सितंबर से होने जा रही है। दस दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का समापन 28 सितंबर अनंत चतुर्दशी के दिन होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया पुराणों के अनुसार इसी चतुर्थी को मध्याह्न काल में गणेश का जन्म हुआ था इसलिये मध्याह्न काल में इनकी पूजा का विशेष महत्व माना गया है। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। बाल गंगाधर तिलक ने दस दिवसीय गणेशोत्सव सार्वजनिक रूप से मनाने की शुरुआत की थी। तब से आज भी कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाती है। वैसे तो देश भर में लोग बड़ी धूमधाम से इस पर्व को मनाते हैं लेकिन यह पर्व महाराष्ट्र में खास तौर से मनाया जाता है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाती है। वहीं घरों में भी लोग अपनी-अपनी श्रद्धानुसार एक दिन, तीन दिन, पांच दिन तो कहीं दस दिन तक विराजमान करते हैं। घर में गाय के गोबर से बनी गणेश जी की प्रतिमा रखना काफी शुभ माना जाता है। इसके अलावा घर में क्रिस्टल के गणेश जी रखने से वास्तु दोष खत्म हो जाता है। हल्दी से बने गणेश रखने से भाग्य चमकता है। कभी भी गणेश जी की प्रतिमा ऐसी जगह ना रखें जहां अंधकार रहता हो या उसके आस-पास गंदगी रहती हो। सीढ़ियों के नीचे भी गणेश जी की प्रतिमा नहीं रखनी चाहिये। ध्यान रखें कि जब भी गणेश जी मूर्ति लें तो उसमें उनका वाहन चूहा और मोदक लड्डु जरूर बना हो। क्योंकि इसके बिना गणेश जी की प्रतिमा अधूरी मानी जाती है। गणेशजी को सभी देवताओं में प्रथम पूजनीय माना गया है। धर्म में जब कोई भी शुभ कार्य होता है तो सबसे पहले गणेश जी की पूजा आराधना की जाती है। गणेश चतुर्थी पर लोग गणेश जी को अपने घर लाते हैं ए गणेश चतुर्थी के ग्यारहवें दिन अनंतचतुर्दशी को धूमधाम के साथ उन्हें विसर्जित कर दिया जाता है और अगले साल जल्दी आने की प्रार्थना भी की जाती है। गणेश चतुर्थी को कलंक चतुर्थी भी कहा जाता है। इस दिन चंद्र दर्शन करना निषेध बताया जाता है। मान्यता है कि आज चंद्रमा के दर्शन करने से मिथ्या कलंक लग जाता है। विष्णु पुराण में एक कथा है कि श्रीकृष्ण ने एक बार चतुर्थी के दिन चंद्रमा देख लिया था तो उन पर स्यमंतक मणि की चोरी का आरोप भी लगा था। दरअसल इसके पीछे गणेशजी का चंद्रमा को दिया हुआ



शाप बताया जाता है। यह शाप गणेशजी ने भाद्रमास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को दिया था। कथा के अनुसार एक बार गणेशजी कहीं से भोजन करके आ रहे थे तभी उनको रास्ते में चंद्रदेव मिले और उनके बड़े उदर को देखकर हँसने लगे। इससे गणेशजी क्रोधित हो गये और उन्होंने शाप दे दिया कि तुमको अपने रूप पर इतना अंहकार है इसलिये मैं तुमको क्षय होने का शाप देता हूं। गणेश जी के शाप से चंद्रमा और उसका तेज हर दिन क्षय होने लगा और मृत्यु की ओर बढ़ने लगे। देवताओं ने चंद्रदेव को शिवजी की तपस्या करने को कहा।तब चंद्रदेव ने गुजरात के समुद्रतट पर शिवलिंग बनाकर तपस्या की। चंद्रदेव की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनको अपने सिर पर बैठाकर मृत्यु से बचा लिया था। इसी जगह पर भगवान शिव चंद्रमा की प्रार्थना पर ज्योर्तिलिंग रूप में पहली बार प्रकट हुये थे और वे सोमनाथ कहलाये। चंद्रदेव ने अपने अंहकार की भगवान गणेश से क्षमा मांगी। तब गणेशजी ने उनको क्षमा कर दिया और कहा कि मैं इस शाप को खत्म तो नहीं कर सकता है लेकिन आप हर दिन क्षय होंगे और पंद्रह दिन बाद फि र बढ़ने लगेंगे और पूर्ण हो जायेंगे। अब से आपको हर दिन लोग देख सकेंगे लेकिन भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन जो भी आपके दर्शन करेगा। उसको झूठा कलंक लगेगा। गृहस्थ जीवन को सुखी बनाने के लिये गणेशजी की आराधना करनी चाहिये। वे सभी मनोकामनायें पूर्ण करते हैं। गृहस्थ जीवन के लिये गणेश जी एक आदर्श देवता माना जाता है। वैसे तो गणपति बप्पा को बहुत ही सरलता से प्रसन्न किया जा सकता है।

गणेश पूजा में चांवल, फू ल, दूर्वा सहित कई चीजें चढ़ायी जाती हैं लेकिन इनकी पूजा में दूर्वा का काफी महत्व है। कहा जाता है कि इसके बिना गणेश पूजा पूरी नहीं होती है। गणेश जी ही ऐसे देवता है जिनकी पूजा में दूर्वा का प्रयोग होता है। इसके पीछे एक प्रचलित कथा के अनुसार अगलासुर नाम का राक्षस ऋषि मुनियों को जीवित निगल जाता था। इस राक्षस का अंत गणेशजी ने कर दिया और फिर इसे निगल लिया जिसके बाद उनके पेट में जलन होने लगी। उनके पेट की जलन के शांत करने के लिये कश्यप ऋषि ने दूर्वा दी थी। तभी से ही गणेशजी को दूर्वा चढ़ायी जाती है। गणेशजी के दर्शन सदैव सामने की ओर से करने चाहिये। कहा जाता है कि गणेशजी के पीछे की तरफ दरिद्रता निवास करती है इसलिये पीठ की तरफ से गणेश जी के दर्शन नहीं करने चाहिये।वैसे तो गणेशजी का हर रूप मंगलकारी और विघ्ननाशक है लेकिन गृहस्थियों के लिये बैठे हुये गणेशजी ही सबसे शुभ फलदायी माने गये हैं।आप घर पर आराम करते हुये गणेशजी की मूर्ति घर लाते हैं तो इससे घर में सुख और आनंद बढ़ता है। इनकी पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और आपको मानसिक शांति प्राप्त होती है। वहीं सिंदूरी रंग वाले गणेशजी समृद्धि दायक माने गये हैं। सिंदूरी वाले गणेशजी की पूजा गृहस्थ और व्यवसायियों को करनी चाहिये। संतान प्राप्ति के लिये घर में बाल गणेश की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करना शुभ माना गया है। इनकी हर रोज पूजा करने से सभी विघ्न दूर होते हैं और संतान की प्राप्ति होती है। वहीं नृत्य करते हुये गणेशजी की मूर्ति लाने से घर में लाने से आनंद और उत्साह के साथ उन्नति भी होती है। ऐसे गणेशीजी की छात्रों को हर रोज पूजा करना उत्तम माना गया है। गणेशजी की मिट्टी की बनी हुई प्रतिमा शुभ फलदाई मानी गई है लेकिन अगर बाजार यह उपल्बध ना हो तो केमिकल वाली मूर्ति को ना लाकर धातु से बनी मूर्ति को घर लेकर आना चाहिये, धातु से बनी हुई मूर्ति भी फ लदायी होती है। गणेशजी की प्रतिमा स्थापित करने से पहले यह ध्यान रखें कि वहां आसपास उनकी दूसरी कोई मूर्ति ना हो। आमने-सामने मूर्ति होने पर नुकसान हो सकता है। वहीं गणेशजी की मूर्ति को घर के ब्रह्म स्थान अर्थात केंद्र में स्थापित करना उत्तम माना गया है। साथ ही ध्यान रखें कि गणेशजी की सूंड उत्तर दिशा की ओर हो।

# डेंगू पर कलेक्टर सिन्हा हुए सख्त, कहा शहर वासियों के स्वास्थ्य के साथ नहीं होगा समझौता

## कलेक्टर सिन्हा ने निगम आयुक्त को शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर मिशन मोड में कार्य करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





शहर में बढ़ रहे डेंगू के प्रकरण पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने निगम आयुक्त को कहा की शहर वासियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है उससे हम समझौता नहीं कर सकते है। उन्होंने निगम आयुक्त को तत्काल शहर की सफ ाई, कचरा उठाव को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मिशन मोड में साफ सफाई का कार्य होना चाहिए। उन्होंने सोर्स रिडक्शन के साथ डेंगू की रोकथाम के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर की साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई इसमें बाधा उत्पन्न करेगा तब उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं। नागरिकों से भी आग्रह है कि स्वास्थ विभाग द्वारा जारी सावधानियों का पालन करें। इस दौरान उन्होंने निगम को दिन में दो बार फॉगिंग मशीन चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग से वर्तमान में जिले में डेंगू के प्रकरण की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में शहर में डेंगू के मरीज अधिक हैं। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था एवं दवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मितानिनों को एक्टिव करने के निर्देश दिए, जिससे वो घर-घर जाकर लोगों को जागरुक कर सके डेंगू के रोकधाम संबंधी जानकारी दे सके।

*** स्वास्थ्य विभाग को उपचार के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था एवं जन जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश**

**अत्यधिक प्रभावित इलाकों में होगा सोर्स रिडक्शन, पानी के ठहराव, खुले टैंक पाए जाने पर मकान मालिकों पर होगी चालानी कार्यवाही**

### अधिक प्रभावित इलाकों में चलेगा सोर्स रिडक्शन अभियान, होगी चलानी कार्यवाही

कलेक्टर सिन्हा ने निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रुप से निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिसमें सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों को जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही की जाएगी। जहां पानी का ठहराव, खुली टंकी एवं जमा पाए जाने पर चलानी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने टायर बेयरिंग, कबाड़ी जहां अनावश्यक कबाड़ होते हैं, ऐसे स्थानों में विशेष निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।

### डेंगू से बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश

कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग को लोगों के बीच सफाई एवं डेंगू से रोकथाम के लिए जागरुकता अभियाम चलाने के निर्देश। उन्होंने एडवाइजरी जारी करने के साथ पाम्पलेट के माध्यम से लोगों को जागरुक करने के निर्देश दिए। इसमें उन्होंने मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे वो प्रत्येक घर पहुंच कर लोगों को बेहतर ढंग से जागरुक कर सकें।

### अनुपयोगी जल भराव नही इसका दें प्रमाण पत्र, कलेक्टर ने सभी कार्यालय प्रमुखों को जारी किया पत्र

*डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच कलेक्टर सिन्हा ने सभी संबंधित विभागों को डेंगू की रोकथाम के लिए मिशन मोड में जुटने के लिए कहा है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि कार्यालय अथवा परिसर एवं कूलर इत्यादि में पानी जमा नहीं होने दें तथा इस आशय का प्रमाण पत्र दें। उन्होंने जारी पत्र के माध्यम से सभी कार्यालय प्रमुखों से यह भी कहा है कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों एवं कार्यालय से संबंधित जनसामान्य में उपरोक्त संबंध में जागरूकता लाने हेतु कार्य करें। इस संबंध में कार्यालयों की जांच के लिए गठित दल सभी कार्यालयों/कार्यालय परिसर का निरीक्षण करेगें। इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।*

## एक नजर

### भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाल कर भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाल कर भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। इस परिवर्तन यात्रा से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और भाजपा कांग्रेस के काले कारनामो और वादाखिलाफ ी का आरोप लगाकर जनता के बीच जा रही है। इसी कड़ी में बेमेतरा में आम सभा 19 सितम्बर शाम 5 बजे बेसिक स्कूल मैदान में रखा गया है। जिसमे मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर,विधायक भाठापारा यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा,पूर्व मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहेंगे।

### दीवारों पर पेंटिंग व नारा लेखन कर दे रहे स्वच्छता का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।







स्वच्छ भारत अभियान के तहत बेमेतरा जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत अलग-अलग गतिविधियों वाल पेंटिंग, नारा लेखन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बेमेतरा जिला अन्तर्गत शासकीय भवनों की दीवारों, बाउंड्रीवॉल व सार्वजनिक स्थलों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने वाले चित्र बनाए जा रहे हैं। इसमें सफ ाई करना, डस्टबिन में कचरा डालना, शौचालय का उपयोग करना, पौधरोपण करना आदि शामिल है। इसके अलावा पेयजल के स्रोतों साफ रखने व पौधरोपण करने का संदेश देने के लिए गतिविधियां की जा रही है। ग्रामीणों को सूखे कचरे और गीले कचरे का अलग-अलग निपटान करने की जानकारी दी जा रही है साथ ही अपने आस पास की साफ-सफ ाई, पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### माता-पिता करते रहे शापिंग, बच्चा बस में बैठ बिलासपुर से पहुंचा पाली

**कोरबा** । बिलासपुर के बस स्टैंड पहुंचे माता-पिता शापिंग में मशगुल थे, इस बीच उनका चार साल का बेटा, कोरबा-बिलासपुर के मध्य चलने वाली बस में सवार हो गया। बच्चा चुपचाप काफी देर तक सीट पर बैठा रहा, पर रतनपुर पार होने के बाद अचानक वह रोने लगा, तब सभी का ध्यान उस ओर आकर्षित हुआ। उधर तब तक बच्चे के लापता होने से अभिभावक में हड़कंप मच गया। सिविल लाइन थाना में इसकी शिकायत लेकर पहुंचे। इस बीच पाली थाना से सूचना मिली कि बच्चा सकुशल मिल गया है।

बिलासपुर के महाराणा प्रताप नगर चौक में रहने वाले ओमप्रकाश चौबे अपनी पत्नी के साथ खरीदारी करने घर से निकले थे। उनके साथ उनका चार साल का पुत्र रुद्रांश भी था। बताया जा रहा है कि बस स्टैंड के पास चौबे दंपति खरीदारी रह थे।

# छाल थाने में शांति पूर्ण चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-छाल।



प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रखने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ अन्य गतिविधियां जारी है। इस कड़ी में चुनावी माहौल के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश पर जिले के छाल थाने में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। सोमवार को छाल थाने में आयोजित कार्यक्रम में टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी के द्वारा स्टाफ व क्षेत्र के कोटवारों को चुनाव के मद्देनजर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराना हमारी जिम्मेदारी है और इसके लिए हम सभी को स्थानीय हालातों पर पैनी नजर रखनी होगी। उन्होंने कोटवारों को ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले संदिग्ध गतिविधियों के बारे में थाना मुख्यालय को जानकारी देने की बात कही। टीआई ने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में कोटवारों की अहम भूमिका होती है इसलिए उनकी अतिरिक्त सतर्कता शांति पूर्ण चुनाव कराने में सहायक होगी।

# सफाई कार्य के निरीक्षण में निकले कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

## * मिशन मोड़ में सफाई कार्य करने निगम आयुक्त को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा सफाई कार्य का जायजा लेने आज शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किए। डेंगू संक्रमण के रोकथाम हेतु शहर में सफाई कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा शहर के विभिन्न स्थानों में चल रहे सफाई कार्य को देखते हुए वहां ब्लीचिंग पाउडर एवं उन इलाकों में फॉगिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय एवं निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी मौजूद रहें।

कलेक्टर सिन्हा मेन पोस्ट ऑफिस के पीछे, हण्डी चौक एवं केवड़ाबाड़ी स्कूल के पास हो रहे सफाई कार्य को देखा। उन्होंने सफाई कार्य में लगे अधिकारियों को सभी स्थानों में मिशन मोड़ में सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हण्डी चौक में वहां के व्यापारी से बात करते हुए सभी हण्डी को उल्टे रखने एवं जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न होने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि जल-जमाव होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने केवड़ाबाड़ी स्कूल के पास के व्यापारियों से चर्चा कर कूलर के पानी की नियमित सफाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने व्यापारियों एवं जन-सामान्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का प्राथमिकता से पालन करने एवं सहयोग हेतु अपील की, ताकि शहर को डेंगू के प्रभाव को कम किया जा सकें। कलेक्टर सिन्हा ने निगम आयुक्त को शहरों में साफ-सफाई को लेकर निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रुप से निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिसमें सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों को जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही करें। जहां पानी का ठहराव, खुली टंकी एवं जमा पाए जाने पर वहां चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने टायर बेयरिंग, कबाड़ी जहां अनावश्यक कबाड़ होते हैं, ऐसे स्थानों में विशेष निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।

*** विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण, सफाई कार्य का लिया जायजा**

*** कलेक्टर ने लोगों को अपने आसपास जल जमाव से बचने एवं साफ-सफाई रखने को कहा**



# कल्प समाजसेवी संस्था कसडोल के नेतृत्व में पारंपरिक खेती व्यंजन की दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।




कल्प समाज सेंवी संस्था कसडोल स्वीसएड के नेतृत्व में ब्यंजन उत्सव कार्यक्रम ग्राम - डाढाखार के स्कुल मैदान में ब्यंजन उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में खुडमुढी, कटवाझर,डाढाखार, फुरफुदी, झालपानी के महिला किसान समुह व ग्राम विकास समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि ,मितानी आंगनबांडी कार्यकर्ता, शिशुवती, गर्भवती, किशोरी बालिका, छोटे बच्चे, शिक्षक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं सम्मस्त ग्रामवासी इस कार्यक्रम में सामिल रहे। कल्प समाज सेंवी संस्था -कसडोल - स्वीसएड पिछले 8 सालो से 21 गांवों में गांव विकास, जैविक खेती,पौष्टीक बगीचा, मोटा अनाज कोदो, मढ़ीया, कुटकी, कुलथी, हिरवा, मनरेगा, ग्राम सभा, महिला शश्क्तीकरण , देशी धान को बढ़ाना। महिला किसान समुह के सदस्यों को आजिविका को बढ़ाने के लिये बकरी पालन मुर्गी पालन के साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के जानकारी दे रही है जिसमेंमुख्य रूप सेकृषि विभाग के कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे साथ ही साथ किसान मित्र के रूप में राजू देवदास ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा राजू चौहान आसपास से आए हुए ग्रामीण छोटे-छोटे बच्चों के साथ ही साथक्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधि लोग भी सम्मिलित होकर सभी सभी लोगों ने इस प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए सेवा संस्थान के कर्मचारीसेवा संस्थान के कर्मचारीयों का आभार व्यक्त किया और जानकारी प्राप्त करके खुशी जाहिर करते हुए खुशी की माहौल देखना को मिला। गांव के किसान मित्र राजू देवदास के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया साथ ही साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा चौहान के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के बारे में पौष्टिक आहार के बारे में भी जानकारी दिया गया जिससे लोगों में खुशी का माहौल बना रहा , मुख्य रूप से जानकारी इस प्रकार रही जिसमें मछली पालन, सामुहिक सब्जी खेती, वनोपज बेचकर, यह संस्था अलग अलग विषयों पर गांव विकास के कार्य कर रहें। कल्प समाज सेंवी संस्था-कसडोल के अध्यक्ष-अभिषेक सर, महेन्द सर, मनोज सर, कार्यकर्ता कृष्णा कुमार, सुखेन्द्, धंनजय सतिश ,व कृषि विभाग के अधिकारी सतीश वर्मा सर शामिल रहे है।

# मजदूरी राशि की मांग करने पर मारपीट एवं जातिगत, समुदायगत गाली-गलौच

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

14 सितम्बर 2023 दिन गुरुवार समय दोपहर 2 बजे मजदूर सुरेन्द्र सिंह व संतोष सिंह अपनी मजदूरी राशि मांगने के लिए ठेकेदार शकील खान के किराया रूम पहुंचे और दरवाजा पे दस्तक दिए उस वक्त रूम से शकील का पुत्र आर्यन खान बाहर निकला और पूछा कि क्या हुआ तब मजदूरों ने अपना कमाया हुआ मजदूरी राशि मांगने आए हैं बोले, तो आर्यन खान सुरेन्द्र व संतोष को कहा कि तुम लोग दरवाजा दस्तक देने वाले होते कौन हो कहकर मां बहन करते हुए जातिगत, समुदायगत गाली गलौज देते हुए कहा कि साले तुम हिंदू लोग को पैसा नहीं देंगे तो क्या कर लोग जाओ, उक्त बातें की जानकारी आर्यन खान ने पिता को दिया। जिससे सुनकर शकील खान ने उन लोगों को दुलदुला टूटीअम्बा में हास्टल निमार्ण कार्य स्थल पर भेजो कहा तब हम दोनों वहां से निकलकर हास्टल निमार्ण कार्य स्थल टूटीअम्बा चले गए उस समय वहां शकील खान पूर्व से मौजूद था और आर्यन खान भी वहां पीछे से आ गया और सारी हिसाब किताब करने लगे और कहा कि सुरेन्द्र सिंह का कार्य दिवस 32 दिन राशि 16000 रूपए संतोष सिंह का कार्य दिवस 12 दिन मजदूरी राशि 3000 रूपए है बोला जिसमें से सुरेन्द्र सिंह को 700 रूपए मात्र दिया गया है व संतोष सिंह को एक भी रुपया नहीं दिया गया है कहा।उक्त बातें को लेकर शकील खान,आर्यन खान व सुरेन्द्र सिंह के बीच विवाद होने लगी, उसी बीच शकील खान सुरेन्द्र सिंह को अचानक पीछे से पकड़ लिया तब आर्यन खान सुरेन्द्र सिंह के सिर पर दनादन वार करते हुए लात घूंसा से मारपीट किया जिससे सिर पर गंभीर चोट लग गई और खून बहने लगी जिसे देखकर दोनों बाफ बेटा वहां से भाग गए। उक्त घटना की जानकारी सुरेन्द्र सिंह के द्वारा अपने घर परिवार वालों को दिया गया। उसके पश्चात सब मिलकर दुलदुला थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराए और दुलदुला सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जिसमें सुरेन्द्र सिंह के सर में चोट लगने पर 10 टांका लगाया गया जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना दुलदुला को सुपुर्द कर दी गई है, परन्तु दो दिन बीत जाने के बाद भी शकील खान व आर्यन खान के ऊपर कार्यवाही नहीं होना पाया गया। जिसकी जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को मिली तो उक्त बात की जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष करनेल सिंह के द्वारा बाबा विजय आदित्य सिंह जूदेव को दिया गया। जिससे सुनकर बाबा विजय आदित्य सिंह जूदेव यथाशीघ्र अपने समर्थकों के साथ दुलदुला थाना पहुंचे और थानेदार साहब को उक्त ठेकेदार शकील खान व उसके पुत्र आर्यन खान के द्वारा की गई मारपीट पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इन दोनों पिता. पुत्र पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की बात कहे, यदि कार्यवही नहीं होगी तो उग्र आंदोलन करने की बात भी कहेए जूदेव जी ने कहा कि बाहरी व्यक्ति हमारे क्षेत्र में आकर इस तरह हमारे लोगों के साथ मारपीट करता है तो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जूदेव जी ने शकील को भी फोन के माध्यम से बात किए और उक्त घटना को लेकर डांट फ टकार लगाए। इस विषय पर नाराजगी जताते हुए विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष करनेल सिंह जी ने कहा कि आर्यन खान के द्वारा सुरेन्द्र सिंह, संतोष सिंह को जातिगत, समुदाय गत गाली गलौज दिया गया और दोनों पिता-पुत्र द्वारा मारपीट किया गया। यदि पुलिस प्रशासन द्वारा पिता-पुत्र के ऊपर उचित धारा लगाते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिए हैं।





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in